रोहतक
शनिवार 20 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 136
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 40.6°C
न्यून. 22.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

9 दोहा डायमंड लीग में चौथे स्थान पर रहे भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, कहा- कानून बनाए केंद्र

फुटपाथ पर चलना बुनियादी अधिकार

ड्राइवर पैदल चलने वालों को समझते हैं परेशानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि तय फुटपाथ पर चलने का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर की बेंच ने एक अहम फैसले में कहा कि तय रास्तों पर मोटर गाड़ियों के मुकाबले इस अधिकार को प्राथमिकता दी जाएगी। कोर्ट ने कहा कि यह संविधान के आर्टिकल 19 (1) (डी) के तहत गारंटी वाले आने-जाने के अधिकार और आर्टिकल 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) समेत दूसरे बुनियादी अधिकारों का हिस्सा है। बेंच ने कहा कि इस अधिकार के तहत अगर सड़क है, तो यह पक्का करना भी ड्यूटी है कि पैदल चलने वालों के लिए तय और अच्छी तरह से मेंटेन किए गए फुटपाथ हों। यह फैसला एक एक्सीडेंट केस में आया, जिसमें एक पिता ने अपने 5 साल के बेटे को खो दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मुआवजे की रकम बढ़ाकर 11,44,628 रुपए कर दी।

शीर्ष कोर्ट के आदेश की 2 अहम बातें

- पहियों वाली मशीनें सिर्फ अमीरों के लिए थीं, लेकिन जैसे-जैसे इकॉनमी आगे बढ़ी और सस्ती मोटर गाड़ियां आईं, मोटर वाले ट्रांसपोर्ट का पूरा स्पेक्ट्रम सड़कों पर हावी हो गया, पैदल चलने वालों को इस हद तक किनारे कर दिया गया कि उन्हें ड्राइवरों के लिए एक परेशानी माना जाने लगा, जो रेगुलर पैदल चलने वालों और उनके फुटपाथ पर गाड़ी चढ़ा देते हैं।
- अब से यह बंद होना चाहिए क्योंकि हम मोटर वाली सड़कों के साथ-साथ तय फुटपाथों पर चलने के फंडामेंटल राइट की घोषणा करते हैं। इसका उल्लंघन होने पर नागरिक जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर सकते हैं। यह उपाय मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के तहत मौजूद उपायों से अलग है। जिन नागरिकों के मौलिक अधिकार का हनन होता है, वे हर्जाने के लिए अधिकारियों पर कानूनी दावा ठोक सकते हैं।

निगरानी बॉडी बनाएं

सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा- तय फुटपाथ पर चलने के मौलिक अधिकार को बेहतर बनाने और लागू करने के लिए एक रेगुलेटरी बॉडी बनाना जरूरी है। हमेशा काम करने वाली और लगातार बनी रहने वाली ऐसी रेगुलेटरी बॉडी संस्थागत जानकारी विकसित और सुरक्षित रखेगी, ताकि वह अपने जमा किए और प्रोसेस किए गए अनुभव, डेटा और जानकारी के आधार पर काम कर सके। बेंच ने कहा कि संस्थागत विशेषज्ञता बहुत जरूरी है और ऐसी रेगुलेटरी बॉडी खास जानकारी और हुनर वाले लोगों को काम पर रखेगी।

5 साल के बच्चे की हुई थी मौत

यह फैसला एक मोटर दुर्घटना मुआवजे के मामले से जुड़ा है, जिसमें एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। उसके पिता उसे सुबह 9 बजे स्कूल ले जा रहे थे, तभी पीछे से एक टैंकर लॉरी ने बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी कमर और शरीर का निचला हिस्सा कुचल गया। गंभीर चोटों के कारण बच्चे की मौत हो गई। उस स्थान पर कोई फुटपाथ या पैदल यात्री क्रॉसिंग नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चे के पिता को देय मुआवजे को बढ़ाकर 11,44,628 रुपये कर दिया और इसे दो महीने के भीतर भुगतान करने का निर्देश दिया।

राजस्थान में टेलीग्राम पर नीट का पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

अमेरिकी नेटवर्क का कर रहा था इस्तेमाल

नीट परीक्षा को सुरक्षित बनाने के लिए शनिवार सुबह 9 बजे से लेकर रात तक मॉक ड्रिल चलाई जाएगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से नीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक छात्र को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है। उधर, टेलीग्राम पर नीट री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था।

(संबंधित खबर पेज 5 पर)

हाईकोर्ट ने कहा- केंद्र के पास रोक लगाने का हक

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर कहा, ' सरकार के पास आईटी एक्ट की धारा 69ए के तहत बैन लगाने का अधिकार है।' जस्टिस तेजस कारिया ने कहा, 'इस मामले पर कोर्ट की रिव्यू कमेटी ने भी सरकार के फैसले की जांच की थी। सरकार ने पूरी समझदारी से काम लिया है, इसमें किसी तरह की जल्दबाजी या लापरवाही नहीं दिखती।' गुरुवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

अब इंदौर में छात्रा ने दी जान

इंदौर में नीट की तैयारी कर रही छात्रा अवंतिका मौर्य ने गुरुवार देर रात तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। उसे गंभीर हालत में पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। छात्रा के गिरने का वीडियो भी सामने आया है। छात्रा के पिता डॉ. बंशीलाल मौर्य ने कहा- 'बेटी अवंतिका रिजल्ट नहीं आने से डिप्रेशन में थी।

15000 करोड़ में बनेगा इमरजेंसी ऑयल रिजर्व

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान हुए तेल संकट के बाद केंद्र सरकार ने नया इमरजेंसी ऑयल रिजर्व बनाने का फैसला लिया है। यह रिजर्व ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन बनाएगी। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस पूरे प्रोजेक्ट में करीब 15,000 करोड़ खर्च का अनुमान है। यह अंडरग्राउंड इमरजेंसी तेल भंडार कर्नाटक के मंगलुरु में बनाया जाएगा। इसमें 17.5 लाख मिट्रिक टन तेल रखा जा सकेगा। वर्तमान में भारत की कुल स्ट्रेटेजिक क्रूड स्टोरेज क्षमता 53.3 लाख मीट्रिक टन है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद देश में आपातकालीन स्थिति के लिए तेल रखने की क्षमता करीब 33% बढ़ जाएगी।

‘मातृदेवो भवः’ की साकार प्रतिमा थीं माता परमेश्वरी देवी

पुण्यतिथि विशेष

पद्मश्री डॉ. सुकामा

एक साल बाद भी नम हैं आंखें : मां तो चली गईं, लेकिन उनके संस्कार आज भी घर-आंगन में सांस ले रहे

जन्म : 30 अप्रैल 1936 | देहांत : 20 जून 2025

‘मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद’

अर्थात् जिस व्यक्ति को माता-पिता और आचार्य का श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्राप्त होता है, वही जीवन के वास्तविक ज्ञान को प्राप्त करता है। वेदों और वैदिक साहित्य में माता को सृष्टि की प्रथम गुरु कहा गया है। वह केवल जन्म नहीं देती, बल्कि संस्कारों, मूल्यों और जीवन-दर्शन का भी निर्माण करती है। कुछ माताएं अपने परिवार तक सीमित रहती हैं, जबकि कुछ ऐसी होती हैं जिनका स्नेह, त्याग और मार्गदर्शन समाज की धरोहर बन जाता है। माता परमेश्वरी देवी जी ऐसी ही विलक्षण मातृशक्ति थीं, जिनका जीवन वैदिक संस्कृति, सेवा, त्याग और समर्पण का जीवंत उदाहरण रहा। 20 जून 2025 को जब उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली, तब केवल एक परिवार ने अपनी मुखिया नहीं खोई थी, बल्कि आर्य समाज, गुरुकुल परंपरा और हजारों लोगों ने एक ऐसी मातृशक्ति को विदाई दी थी, जिसकी छाया में कई पीढ़ियां पली-बढ़ीं। आज उनकी पहली पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करते हुए वही भाव मन में उमड़ता है कि कुछ लोग शरीर से विदा होकर भी कभी नहीं जाते। वे अपने संस्कारों, अपने कर्मों और अपने स्नेह के रूप में सदैव जीवित रहते हैं। दान, समर्पण, सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति परमेश्वरी देवी जी का जीवन किसी जीवनी का अध्याय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की जीवंत व्याख्या था। 30 अप्रैल 1936 को जींद जिले के जुलानी गांव में जन्मी इस बेटी ने बचपन में संघर्षों का सामना किया, लेकिन उन्हीं संघर्षों ने उनके व्यक्तित्व को इतना विराट बना दिया कि वे आगे चलकर केवल सिंधु परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि समाज और वैदिक संस्कृति की प्रेरणा बन गईं।

सात साल की उम्र में मां खोई, लेकिन खुद कई लोगों की मां बन गईं

ऋग्वेद में कहा गया है- ‘जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।‘ अर्थात माता का स्थान सर्वोच्च है, क्योंकि वही जीवन की पहली पाठशाला होती है। मात्र सात वर्ष की आयु में जब परमेश्वरी देवी के सिर से मां का साया उठ गया, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यही बालिका आगे चलकर अपने परिवार की आधारशिला बनेगी। नौ भाइयों और तीन बहनों के बीच सबसे बड़ी होने के कारण उन्होंने बहन से अधिक मां की तरह भूमिका निभाई। छोटी उम्र में ही जिम्मेदारी, धैर्य और नेतृत्व के गुण उनके व्यक्तित्व में दिखाई देने लगे थे।

बहू बनकर आईं व पूरे परिवार की आत्मा बन गईं

8 मार्च 1949 को चौधरी मित्रसेन आर्य के साथ विवाह के बाद वे सिंधु परिवार में आईं। भारतीय संस्कृति में बहू को घर की लक्ष्मी कहा जाता है, लेकिन माता परमेश्वरी देवी ने स्वयं को केवल गृहलक्ष्मी तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने पूरे परिवार को प्रेम, सम्मान और संस्कारों के सूत्र में बांध दिया। उनकी सास और ससुर उन्हें बहू नहीं, बेटी मानते थे। घर में उनका व्यवहार इतना सहज और आत्मीय था कि उन्होंने रिश्तों को केवल निभाया नहीं, बल्कि उन्हें मजबूत और जीवंत बनाया।

35 वर्षों तक नेत्रहीन ससुर की आंखें बनकर रहीं

यजुर्वेद का संदेश है- श्रद्धया देयम् अर्थात् हर कार्य श्रद्धा और समर्पण से किया जाना चाहिए। जब परमेश्वरी देवी के ससुर चौधरी शीशराम की आंखों की रोशनी चली गई, तब माता परमेश्वरी देवी ने लगभग 35 वर्षों तक उनकी सेवा की। वे केवल देखभाल नहीं करती थीं, बल्कि उनकी आंखों की तरह हर कार्य में उनका मार्गदर्शन करती थीं। सेवा का ऐसा उदाहरण आज भी परिवार और समाज में आदर के साथ याद किया जाता है।

तीन बेटों को देश सेवा के लिए सेना में भेज दिया

एक मां के लिए अपने पुत्र को देश सेवा के लिए भेजना आसान नहीं होता, लेकिन परमेश्वरी देवी जी ने अपने बच्चों में राष्ट्रभक्ति के ऐसे संस्कार रोपे कि उनके तीन पुत्र भारतीय सेना में अधिकारी बने। कैप्टन रूद्रसेन, कैप्टन अभिमन्यु और मेजर सत्यपाल आर्य ने भारतीय सेना में सेवा देकर परिवार और समाज का गौरव बढ़ाया। यह उपलब्धि केवल बेटों की नहीं थी, बल्कि उस मां के संस्कारों की थी, जिसने राष्ट्र को परिवार से ऊपर रखा।

पति के निधन के बाद परिवार की शक्ति बनीं

27 जनवरी 2011 को चौधरी मित्रसेन आर्य के निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, लेकिन माता परमेश्वरी देवी ने इस कठिन समय में स्वयं को कमजोर नहीं पड़ने दिया। ऋग्वेद का मंत्र है- ‘चरैवेति चरैवेति।‘ अर्थात् परिस्थितियां कैसी भी हों, जीवन में आगे बढ़ते रहना चाहिए। परमेश्वरी देवी ने पूरे परिवार को संभाला और अपने बच्चों को कभी पिता की कमी महसूस नहीं होने दी। संकट के समय उनका धैर्य व आत्मविश्वास परिवार के लिए संबल बन गया।

गुरुकुलों की संरक्षक हजारों बच्चों की मां

परमेश्वरी देवी जी का स्नेह केवल अपने परिवार तक सीमित नहीं था। गुरुकुलों में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं के लिए भी वे मां के समान थीं। उनके संरक्षण में संचालित गुरुकुलीय संस्थाओं ने शिक्षा और संस्कार दोनों का प्रसार किया। विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान करना उनके जीवन का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा।

यज्ञ की लौ के साथ जीवित रखीं वैदिक परंपराएं

ऋग्वेद का उद्घोष है- ‘आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः ।‘ अर्थात् हमारे पास संसार के सभी ओर से श्रेष्ठ विचार आते रहें। परमेश्वरी देवी जी ने अपने जीवन में वैदिक संस्कृति को केवल अपनाया ही नहीं, बल्कि उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भी कार्य किया। सिंधु भवन में निर्मित भव्य वेद मंदिर उनकी इसी सोच का प्रतीक है। परिवार के प्रत्येक शुभ अवसर पर यज्ञ और वैदिक अनुष्ठान उनकी प्रेरणा से ही आयोजित होते रहे। माता परमेश्वरी देवी का जीवन त्याग, संघर्ष और संस्कारों का अनुपम उदाहरण रहा।

(लेखिका रोहतक के विश्ववारा कन्या गुरुकुल रुड़की की प्राचार्या हैं)

खबर संक्षेप

नव-नियुक्त पटवारियों को वेतन देने के निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने नव-नियुक्त पटवारियों के वेतन भुगतान में आ रही प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के सभी उपायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। भूमि अभिलेख विभाग ने कहा है कि पटवार सर्कलों के पुनर्गठन (सर्कलबंदी) की प्रक्रिया पूरी होने तक नव-नियुक्त पटवारियों का वेतन निर्बाध रूप से जारी किया जाए। भूमि अभिलेख, हरियाणा के निदेशक द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि राजस्व विभाग को सुदृढ़ बनाने की योजना के तहत राज्यभर में 1500 पटवारी पद स्वीकृत किए गए थे।

बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

चंडीगढ़। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पुरस्कार के लिए ऐसे बच्चे पात्र होंगे जिनकी आयु 31 जुलाई 2025 तक 5 वर्ष से 18 वर्ष के बीच हो। चयनित बच्चों को जनवरी 2026 में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कारों की घोषणा 26 दिसंबर को होगी।

सादगी का संदेश, लेकिन खर्च करोड़ों का : संपत सिंह

चंडीगढ़। इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक एवं हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री प्रो. संपत सिंह ने राज्य सरकार के सादगी और ऊर्जा संरक्षण संबंधी आदेशों पर सवाल उठाते हुए इसे दोहरे मापदंड बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर विभागों को खर्च कम करने, बिजली बचाने तथा राजनीतिक दलों को रैलियां और जनसभाएं सीमित करने की सलाह दे रही है, जबकि दूसरी ओर स्वयं फिजूलखर्ची को बढ़ावा दे रही है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रो. संपत सिंह ने कहा कि 8 से 10 जून तक आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसो. कार्यक्रम में प्रतिनिधियों और अधिकारियों पर फाइव स्टार होटलों में करोड़ों रुपये खर्च किए गए। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद आम जनता को राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति पर स्पष्ट जानकारी देने की मांग की।

सीएम नायब सिंह ने सिरसा में कष्ट निवारण समिति की बैठक में की जनसुनवाई

मुख्यमंत्री का अलग अंदाज, अनुपस्थित शिकायतकर्ताओं को किया सीधा फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

15 शिकायतों में से 12 का निपटारा, एक मामले में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के आदेश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनशिकायतों की सुनवाई करते हुए प्रशासनिक सक्रियता के साथ मानवीय संवेदनशीलता का भी परिचय दिया। बैठक में अनुपस्थित दो शिकायतकर्ताओं से मुख्यमंत्री ने स्वयं फोन पर बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में गांव फतेहपुर जोतांवाली निवासी संजय कुमार की शिकायत पर सुनवाई की गई। शिकायत में रजवाहे पर साइफन गलत तरीके से बनाए जाने का आरोप लगाया गया था। मुख्यमंत्री ने संजय कुमार से सीधे फोन पर बातचीत कर मामले की जानकारी ली और संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। समिति मौके का निरीक्षण कर किसानों से बातचीत करेगी तथा अपनी रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करेगी।

सीधा संवाद किया : दूसरे मामले में निर्मल कौर की शिकायत पर सुनवाई हुई। उनके पिता बैठक में उपस्थित थे। शिकायत में बताया गया कि उनके पति विरेंद्र पाल, जो आयुष विभाग में फार्मासिस्ट थे, का फरवरी 2026 में निधन हो गया था और इसके बाद मिलने वाले लाभ एवं सहायता समय पर नहीं मिली। हालांकि बैठक में उपस्थित उनके पिता ने विभागीय कार्रवाई पर संतोष जताया, फिर भी मुख्यमंत्री ने निर्मल कौर से सीधे फोन पर बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली।

सिरसा। डेरा बाबा भूमणशाह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

बैठक में कुल 15 शिकायतें सुनवाई के लिए रखी गईं, जिनमें से 12 का निपटारा कर दिया गया, जबकि तीन मामलों को अगली बैठक तक लंबित रखा गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज और सड़कों से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। जिन क्षेत्रों में सीवरेज लाइन बिछाई जा चुकी है, वहां शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। गांव गंगा निवासी परमजीत सिंह की कथित फर्जी वसीयत संबंधी शिकायत पर अधिकारियों ने बताया कि अंगूठे के निशान की दो स्थानों पर जांच कराई गई, लेकिन निशान धुंधले होने के कारण रिपोर्ट का मिलान नहीं हो सका। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने मामले को अगली बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, ऐलनाबाद विधायक भरत सिंह बैनीवाल, सिरसा विधायक गोकुल सेतिया, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, जिला परिषद चेयरमैन कर्ण चौटाला, उपायुक्त शांतनु शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

पंजाब में भी हो रही हरियाणा की योजनाओं की चर्चा : मुख्यमंत्री

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा पंजाब तक पहुंच रही है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाब में भी भाजपा को जनता का समर्थन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गुरुओं और महापुरुषों के बलिदान से देश और धर्म की रक्षा हुई है। पंचकूला में श्री गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी को उनके जीवन और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए।

पार्कों से लेकर शूटिंग रेंज तक पीएमडीए सीईओ ने परखी परियोजनाओं की प्रगति

पंचकूला। पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. मकरंद पांडुरंग ने शुक्रवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त सतपाल शर्मा, नगर निगम आयुक्त विनय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सीईओ ने टोपियरी पार्क, निर्झर वाटिका, फाउंटेन पार्क, कैक्टस गार्डन, प्रमुख चौकों, राजीव कॉलोनी तथा अटल पार्क का दौरा कर विकास एवं रखरखाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ट्रीटेड वॉटर सिस्टम का प्रयोग

उन्होंने कहा कि पीएमडीए का उद्देश्य ट्रीटेड वॉटर सिस्टम के माध्यम से पार्कों की सुंदरता बढ़ाने और उनके दीर्घकालिक संचालन को सुनिश्चित करना है। निर्झर वाटिका और फाउंटेन पार्क में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण तथा फव्वारों के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने पार्कों और हरित क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली लैंडस्केपिंग, बेहतर पैदल मार्ग, हेज ट्रिमिंग तथा पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

ट्रायल में देरी के नाम पर आरोपी की आजादी नहीं छीनी जा सकती : हाईकोर्ट

आबकारी, धोखाधड़ी व जालसाजी मामले के आरोपी को नियमित जमानत

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुग्राम में दर्ज अवैध शराब, धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में आरोपी सोनू को नियमित जमानत देते हुए कहा है कि ट्रायल में देरी किसी आरोपी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता छीनने का आधार नहीं बन सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष सुनवाई और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत संरक्षित अधिकार हैं। जस्टिस संदीप मौदगिल ने यह आदेश सोनू की नियमित जमानत याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया। याचिकाकर्ता के खिलाफ 17 फरवरी 2026 को गुरुग्राम के खेड़की दौला थाना में एफआईआर दर्ज हुई थी। वह 24 मार्च 2026 से न्यायिक हिरासत में था। बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि मामले में लगाए गए आरोप शराब के स्रोत और निर्माण स्तर से जुड़े हैं, जबकि याचिकाकर्ता का कथित संबंध केवल खुदरा स्तर से बताया गया है।

साथ ही जांच लगभग पूरी हो चुकी है और आगे हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और शीघ्र न्याय के सिद्धांतों पर विस्तार से टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि आरोपी को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार प्राप्त है। मुकदमे को जल्दबाजी में चलाना उचित नहीं है, लेकिन इसके निष्कर्ष में अत्यधिक देरी भी स्वीकार्य नहीं हो सकती। यदि किसी व्यक्ति को लंबे समय तक मुकदमे के परिणाम की प्रतीक्षा में जेल में रखा जाता है तो यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

अकेले एसडीएम का फैसला अवैध ट्रिब्यूनल के आदेश किए खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत गठित मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल के एक आदेश को अधिकार क्षेत्र के अभाव में रद्द कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार ट्रिब्यूनल तीन सदस्यीय निकाय है, इसलिए अकेले एसडीएम द्वारा पारित आदेश कानूनी रूप से वैध नहीं माना जा सकता। जस्टिस कुलदीप तिवारी ने सोनीपत निवासी महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल और अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा पारित आदेशों को निरस्त कर दिया। साथ ही मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए संबंधित ट्रिब्यूनल को वापस भेज दिया। मामले के अनुसार एक वरिष्ठ नागरिक महिला ने अपने पुत्र और अन्य संबंधित पक्षों के खिलाफ आवेदन दायर कर संपत्ति से बेदखली तथा उनके पक्ष में निष्पादित ट्रांसफर और रिलीज डीड रद्द करने की मांग की थी। मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल ने आवेदन स्वीकार करते हुए डीड रद्द करने की सिफारिश की थी। इसके खिलाफ दायर अपील भी खारिज कर दी गई थी और संपत्ति का कब्जा वरिष्ठ नागरिक महिला को लौटाने के निर्देश दिए गए थे।

- **सोनीपत की महिला की याचिका पर संपत्ति से बेदखली और डीड रद्द करने के आदेश निरस्त**

कारण बताए बिना मेडिकल रीइम्बर्समेंट दावा खारिज करना गलत : हाईकोर्ट

- **पिता की आय का आकलन किए बिना दावा ठुकराना मनमाना, जींद जिला एवं सत्र न्यायाधीश का आदेश रद्द**

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति (मेडिकल रीइम्बर्समेंट) से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि किसी कर्मचारी के दावे को बिना स्पष्ट कारण बताए खारिज नहीं किया जा सकता। अदालत ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जींद द्वारा पारित उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत कर्मचारी रमेश कुमार के पिता के इलाज पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति का दावा अस्वीकार कर दिया गया था। जस्टिस कुलदीप तिवारी ने कहा कि संबंधित प्राधिकारी ने दावा खारिज करते समय न तो पर्याप्त कारण दर्ज किए और न ही उस महत्वपूर्ण तथ्य पर विचार किया, जो मामले के निस्तारण के लिए निर्णायक था। अदालत ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जींद के पास वापस भेज दिया। याचिकाकर्ता रमेश कुमार ने हाईकोर्ट को बताया कि उसके पिता के इलाज पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन 24 अगस्त 2025 को उसका दावा खारिज कर दिया गया। याचिकाकर्ता के अनुसार उसके पिता की मासिक आय 3,000 रुपये से कम है और वे पूरी तरह उस पर निर्भर हैं। इसके बावजूद इस पहलू पर कोई विचार नहीं किया गया। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि विवादित आदेश एक ‘नॉन-स्पीकिंग ऑर्डर’ है, जिसमें यह नहीं बताया गया कि दावा किन आधारों पर अस्वीकार किया गया।

79.46 करोड़ घोटाला: आईएएस आरके सिंह सीबीआई रिमांड पर

दुबई खाते में 2.5 करोड़, 15 एकड़ जमीन और कथित बेनामी संपत्तियों पर एजेंसी की नजर

चंडीगढ़। पंचकूला नगर निगम के 79.46 करोड़ रुपये के फंड घोटाले में गिरफ्तार हरियाणा के आईएएस अधिकारी राम कुमार सिंह और पंचायत विभाग के तत्कालीन सुपरिंटेंडेंट प्रिंस शर्मा को शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत, पंचकूला में पेश किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को तीन दिन के सीबीआई रिमांड पर भेज दिया।सीबीआई ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान सामने आया है कि तत्कालीन नगर निगम पंचकूला और नगर परिषद कालका के आयुक्त रहे राम कुमार सिंह ने सह-आरोपियों के साथ कथित साजिश के तहत सेक्टर-32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में खाता खुलवाने और उसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी राशि स्थानांतरित करने की मंजूरी दी थी। एजेंसी के अनुसार यह कार्रवाई वित्त विभाग के दिशा-निर्देशों के विपरीत थी। सीबीआई का दावा है कि डिजिटल साक्ष्यों से संकेत मिले हैं कि कथित साजिश में भूमिका निभाने के बदले राम कुमार सिंह को अवैध लाभ पहुंचा। जांच एजेंसी ने यह भी बताया कि उनके हस्ताक्षर वाले तीन चेक अभी तक बरामद नहीं हुए हैं, जबकि कुछ चेकों का इस्तेमाल सरकारी धन के दुरुपयोग में किया गया। जांच एजेंसी ने प्रिंस शर्मा पर भी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। सीबीआई के अनुसार उन्होंने बैंक अधिकारियों और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर सरकारी खातों से संबंधित दस्तावेजों में अपना मोबाइल नंबर दर्ज करवाया और सत्यापन प्रक्रिया में भूमिका निभाई। सूत्रों के अनुसार पूछताछ और छापेमारी के दौरान ऐसे तथ्य सामने आए जिनसे जांच एजेंसी का संदेह और गहरा हुआ। इनमें दुबई में बेटे के खाते में भेजे गए करीब 2.5 करोड़ रुपये, करनाल में खरीदी गई 15 एकड़ कृषि भूमि और कथित बेनामी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज शामिल हैं।सीबीआई के मुताबिक दुबई स्थित बैंक खाते में भेजी गई राशि के स्रोत और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों के संबंध में पूछे गए सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया।

ये बोला आरोपी

अपने जवाब में राम कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने वर्ष 1995 में हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग में टैक्सेशन इंस्पेक्टर के रूप में सेवा शुरू की थी। वर्ष 1999 में उनका चयन एचसीएस अधिकारी के रूप में हुआ और वर्ष 2019 में उन्हें आईएएस कैडर मिला। उन्होंने दावा किया कि अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों का विवरण निर्धारित प्रक्रिया के तहत सरकार को उपलब्ध कराया गया है और उनकी पत्नी स्वतंत्र कारोबारी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी पेट्रोल पंप, माइक्रो बेवरी, रेस्तरां, रेंटल प्रोजेक्ट्स, कृषि भूमि और प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़ी हैं तथा नियमित आयकर और जीएसटी का भुगतान करती हैं।

पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का शुभारंभ

जापान की संसद और शीर्ष नेताओं तक पहुंचा गीता का अमर संदेश

चंडीगढ़। जापान की राजधानी टोक्यो में शुक्रवार को पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का शुभारंभ हुआ। महोत्सव के पहले दिन जापान की संसद (डाइट) के सदस्यों, राजनीतिक नेताओं और भारत-जापान मैत्री के समर्थकों को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतियां भेंट कर भारत की सनातन सांस्कृतिक विरासत और गीता के सार्वभौमिक संदेश को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का प्रयास किया गया। महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के वरिष्ठ नेता यासुतोशी निशिमुरा को गीता की प्रति भेंट की गई। इसके अलावा जापान की संसद के उच्च सदन के सदस्य योशियो मोचिजुकी तथा निचले सदन के सदस्य अटलांटिक फ्लैट को भी गीता भेंट कर सम्मानित किया गया।

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

सुविचार

जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो
वह कभी किसी का नहीं हो सकता,
चाहे व समय हो या इंसान।
- अज्ञात

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

3 समाचार ही नहीं, विचार भी

9 श्रेयांका विश्व कप से बाहर, प्रेमा को मौका

मानूसन अटका, 19 राज्य बारिश को तरसे

एक साथ पांच सिस्टम डाल रहे आगे बढ़ने में रुकावट

अरब सागर, बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाएं आगे नहीं बढ़ रहीं
प्रभावित राज्यों में 60% तक कम बारिश, गुजरात में सबसे ज्यादा 79%

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है। 11 दिन हो गए हैं, ये आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे उत्तर-मध्य भारत के 7 राज्य बारिश के लिए तरस रहे हैं। इन राज्यों में 60% तक कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसकी वजह एक ही समय पर 5 अलग-अलग सिस्टम एक्टिव होना है। जैसे अरब सागर से तेज नमी वाली हवाएं नहीं आ रहीं और दक्षिण से बादल उत्तर की ओर नहीं बढ़ रहे हैं। 1 से 18 जून के बीच देश में सामान्य से 38% कम बारिश दर्ज की गई है। अब तक के आंकड़ों के अनुसार सबसे खराब स्थिति गुजरात की रही, जहां सामान्य से 79% कम बारिश हुई। इसके बाद महाराष्ट्र में 78% कम वर्षा की गई। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। इसके बावजूद यूपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में तापमान 40 डिग्री के पार है।



8 जून से तेलंगाना में अटका, 11 दिन नहीं बढ़ रहा आगे
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली में हो रही प्री-मानसून की बारिश

झारखंड में बिजली गिरने से 8 की मौत

कोलकाता में प्लेन पर गिरी बिजली ■ बाल-बाल बचे 142 यात्री

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में तेज हवाओं और बारिश का दौर जारी है। कोलकाता एयरपोर्ट पर शुक्रवार को आंधी-तूफान के दौरान अगरतला जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई6068 पर बिजली गिर गई। उस समय विमान एयरोब्रिज पर खड़ा था। फ्लाइट में सवार 147 यात्रियों को दूसरी उड़ान से भेजा गया। हादसे में दो ग्राउंड स्टाफ को हल्की चोटें आईं, लेकिन दोनों सुरक्षित हैं। बंगाल के दार्जिलिंग में तेज बारिश के बाद शुक्रवार को बालासन नदी उफान पर आ गई। इससे नदी पर ह्यूम पाइप से बना पुल टूट कर बह गया। इस पुल के टूटने से मिरीक-सिलीगुड़ी सड़क पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। वहीं, उत्तरी बंगाल की पहाड़ियों में लगातार हो रही बारिश से महानदी के पास लैंडस्लाइड होने से नेशनल हाईवे और सिलीगुड़ी-कुर्सियांग रोड बंद हो गई। हिमाचल प्रदेश के शिमला में भी तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुई। इसके कारण गाड़ियों की आवाजाही रोक दी गई। झारखंड के छह जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई।

चढ़ावा चोरी मामले में राम मंदिर के ट्रस्टी सहित कई से पूछताछ

योगी ने किए रामलला के दर्शन, बोले, 500 साल इंतजार किया, 15 दिन और कर लीजिए, दोषी बचेंगे नहीं

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद के बीच सीएम योगी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद राम मंदिर पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। वहीं इस दौरान चंपत राय योगी के कार्यक्रम से दूर रहे। वो राम जन्मभूमि से 4 किमी दूर कारसेवकपुरम में थे। योगी ने कहा- विपक्ष के लोग राम का नारा लगाने पर गोली चलवाते थे। इनके दोगले चरित्र को तो देखिए। राम मंदिर बन न पाए, इसके लिए कांग्रेस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में बेशर्मी के साथ कहा था कि राम तो हुए ही नहीं। वही कांग्रेस आज अयोध्या पर बहुत मचल रही।

इन लोगों पर कसा शिकंजा

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) लगातार 5वें दिन अयोध्या पहुंची। टीम ने राम मंदिर टेस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्र और निर्माण प्रभारी गोपाल राव से अलग-अलग बातचीत की है। जबकि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के ब्रांच मैनेजर और पहले के ब्रांच मैनेजर को बुलाकर उनसे भी पूछताछ की है।

अब तक 2 करोड़ की बरामदगी

चढ़ावा चोरी मामले में अब तक 5 लोगों- लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू के नाम सामने आए हैं। इन लोगों की निशानदेही पर अब तक 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हुई है। ये सभी दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े हैं। मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर से 13 जून को सोना मिला। हालांकि, सोना कितना है, यह अभी कन्फर्म नहीं है।

सरकारी कर्मचारियों को केवल एक बार यूपीएस से एनपीएस में आने का मौका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने दिया पेंशन योजना बदलने का मौका

हरियाणा सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के अंतर्गत आने वाले पात्र सरकारी कर्मचारियों को बड़ा विकल्प देते हुए उन्हें हरियाणा न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) में शामिल होने की एकमुश्त और अपरिवर्तनीय सुविधा प्रदान की है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यूपीएस का विकल्प चुन चुके कर्मचारी अब निर्धारित शर्तों के तहत एनपीएस में स्थानांतरित हो सकेंगे।संशोधित प्रावधानों के तहत यूपीएस से एनपीएस में जाने का विकल्प केवल एक बार ही प्रयोग किया जा सकेगा और इसे सेवानिवृत्ति (सुपरएनुएशन) की तिथि से कम-से-कम एक वर्ष पूर्व देना अनिवार्य होगा। यदि कोई कर्मचारी निर्धारित अवधि के भीतर यह विकल्प नहीं चुनता है तो वह स्वतः यूनिफाइड पेंशन स्कीम के दायरे में बना रहेगा।

ये रहेंगे योजना से बाहर

वित्त विभाग की अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह सुविधा उन कर्मचारियों को उपलब्ध नहीं होगी जिनके विरुद्ध बड़ी सजा से संबंधित विभागीय कार्रवाई लंबित है या विचाराधीन है। इसके अलावा सेवा से बर्खास्त, पदच्युत अथवा दंडस्वरूप अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए कर्मचारी भी इस विकल्प का लाभ नहीं उठा सकेंगे।

लचीलापन मिलेगा

सरकारी अधिकारियों के अनुसार इस निर्णय से कर्मचारियों को अपनी पेंशन व्यवस्था के चयन में अधिक लचीलापन मिलेगा, जबकि विकल्प के प्रयोग के लिए स्पष्ट समय-सीमा और शर्तें निर्धारित कर दी गई हैं ताकि भविष्य में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।यह अधिसूचना हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अरुण कुमार गुप्ता के प्राधिकार से जारी की गई है।

हमले के बाद इजराइल - लेबनान में भी युद्धविराम, यूएस-कतर ने की मध्यस्थता

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान (एजेंसी)। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के बाद इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच भी युद्धविराम पर सहमति बन गई है। इसके पहले इजराइल ने लेबनान पर हमला किया जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच सीजफायर शुक्रवार शाम 4 बजे स्थानीय समय (भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे) से लागू हो गया है। एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका और कतर के वार्ताकारों ने ईरान की मदद से यह समझौता कराया। गुरुवार को हुई गोलीबारी के बाद दोनों पक्ष लड़ाई रोकने पर राजी हुए। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने कहा, "हम नहीं, ईरान मजबूरी में बातचीत की टेबल पर आया। वह खत्म हो चुका है।

जियो के बाद अब सस्ता एआई लाएंगे अंबानी

नई दिल्ली (भाषा)। रिलायंस जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने शुक्रवार को कहा कि जिस तरह जियो ने हर भारतीय के लिए इंटरनेट को

काफी सस्ता और सुलभ बनाया, उसी तरह रिलायंस दशक के अंत तक कृत्रिम मेधा (एआई) की लागत में कमी लाकर इसे प्रत्येक भारतीय के लिए सुलभ बनाएगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी भारत की जरूरतों के अनुरूप एआई विकसित कर रही है, भारत में ही इसका निर्माण कर रही है और ऐसा एआई तैयार कर रही है जो भविष्य में पूरी दुनिया के उपयोग में आ सके। *(पैकेज पेज-6 पर)*

ये फैसले भी

- **जियो का आईपीओ आएगा, सेबी में पेपर्स दाखिल:** जियो प्लेटफॉर्म्स के बोर्ड ने आईपीओ को मंजूरी दे दी है। पीओ के जरिए 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे।
- **2030 तक सभी ग्राहकों को 5जी पर लाने का टारगेट:** जियो पूरे देश में 5जी नेटवर्क का विस्तार करेगा। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक सभी ग्राहकों को 5जी सेवा से जोड़ना है। 6जी तकनीक पर भी काम किया जाएगा।
- **जियो भारतीय भाषाओं में एआई बनाएगा:** जियो भारतीय भाषाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकसित कर रहा है। एआई को आम लोगों के लिए आसान और सस्ता बनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

धमाका गिरोह का 20 हजार का इनामी बदमाश कुल्लू से पकड़ा

पलवल। एसटीएफ ने अंकित धमाका गिरोह के 20 हजार के इनामी बदमाश हरकेश को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू से गिरफ्तार किया है। आरोपी से अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। उस पर तीन जिलों में 22 से अधिक केस दर्ज हैं। एसटीएफ यूनिट प्रभारी अनिल छिल्लर ने बताया कि पहाड़ी गांव निवासी हरकेश लंबे समय से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ पलवल की टीम ने जाल बिछाकर उसे कुल्लू से पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। रिमांड के दौरान एसटीएफ ने हरकेश के कब्जे से दो पिस्टल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

हाईवे पर मिला युवक का शव, नशे की ओवरडोज से मौत की आशंका

नूंह। एनएच-248ए पर गांव कांवर्सिका के पास शुक्रवार सुबह सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला। राहगीरों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच में मृतक की पहचान गुरुग्राम जिले के सांचोली गांव निवासी 32 वर्षीय अब्दुल के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। रोजका मेव थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत अधिक नशा करने के कारण हुई हो सकती है। अब शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के लोगों से भी पूछताछ शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि युवक के साथ और कौन लोग यहां पर मौजूद थे या फिर वह अकेला ही यहां आया था।

यमुनानगर में अकेले रहने वाले बुजुर्ग को बनाया निशाना

रि. एसई की घर में घुसकर हत्या, सामान गायब मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

बिजली निगम से सेवानिवृत्त 82 वर्षीय एसई के घर में हत्या और लूट
सिर पर चोट लगने की वजह से जान जाने की आशंका

जठलाना क्षेत्र में बिजली निगम से सेवानिवृत्त एसई 82 वर्षीय जगदीश बंसल की उनके घर में सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी गई। घर से सिलेंडर आदि कुछ सामान भी गायब मिला है। वह घर पर अकेले ही रहते थे। जब सुबह नौकरानी काम पर आई तो घर का दरवाजा न खुलने पर हत्या का खुलासा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस लूट के साथ-साथ रंजिश या विवाद आदि एंगल पर भी जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, जगदीश बंसल (82) बिजली निगम से एसई पद से सेवानिवृत्त थे। उनका बेटा जीरकपुर पंजाब में रहता है, जबकि उनकी पत्नी का चार साल पहले निधन हो चुका है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रात के समय बदमाश घर के साथ लगते मंदिर की दीवार फांदकर अंदर घुसे। इसके बाद सीढ़ियों के रास्ते घर में पहुंचकर वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने उनके सिर पर वार किया, जिससे उनकी मौत हो गई। घर से सिलेंडर चोरी होने की बात भी सामने आई है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि वारदात के पीछे लूटपाट की मंशा थी या कोई अन्य कारण।

नौकरानी काम पर आई तो नहीं खुले दरवाजे, तब हुआ खुलासा

घटना का पता सुबह उस समय चला जब घर में काम करने वाली नौकरानी रुखसाना रोजाना की तरह काम पर पहुंची। मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो उसने पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों ने दीवार फांदकर अंदर जाकर देखा तो जगदीश बंसल मृत अवस्था में पड़े मिले। सूचना मिलने पर थाना जठलाना प्रभारी अमित कुमार, फोरेंसिक टीम और पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल मौके पर पहुंचे। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने जीरकपुर में रह रहे जगदीश बंसल के बेटे को सूचना दे दी गई है।

पूर्व फौजी की हत्या में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

14 जून को हत्या के बाद शव बाइक पर ले जाकर सुनसान जगह पर जला दिया था, दो आरोपी यूपी व एक सोनीपत का

रिटायर्ड फौजी की हत्या कर शव जलाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शव की अंगुली से अंगूठी भी निकालकर बेच दी थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। बुजुर्ग 14 जून को खांडसा गांव से लापता हुआ था, जिसकी शिकायत बेटे ने दर्ज करवाई थी। आरोपियों की पहचान विशेष तोमर (18) निवासी शामली, जिला गाजियाबाद, मिथुन (30) निवासी बुलंदशहर तथा संदीप (41) निवासी खरखौदा, जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

सेक्टर-37 थाना पुलिस को एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसका 64 वर्षीय पिता बलराम लापता हो गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बीकानेर टी-प्वाइंट से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मिथुन गुरुग्राम में ऑटो चलवाता है। आरोपी विशेष व संदीप पशुपालन का कार्य करते हैं और खांडसा क्षेत्र में रहते हैं। आरोपियों ने बताया कि मृतक आए दिन उनके साथ गाली-गलौज करता था। 12-13 जून की रात को भी मृतक बलराम द्वारा उनके साथ गाली-गलौज की गई थी, जिसके चलते तीनों आरोपियों ने मिलकर मृतक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या करने के बाद आरोपी संदीप व विशेष तोमर ने मृतक के शव को बाइक पर रखकर लगभग 500 मीटर दूर गांव खांडसा स्थित पीछे खाली स्थान पर पहुंचाया तथा साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को आग लगा दी।

डॉक्टर को 18 दिन डिजिटल अरेस्ट रख 1.42 करोड़ ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के अंसल टाउन निवासी और सिविल अस्पताल से सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. नरेंद्र छाबड़ा को साइबर ठगों ने 18 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। इस दौरान साइबर अपराधियों ने उनसे एक करोड़ 42 लाख 9 हजार 22 रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. नरेंद्र छाबड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत तीन जून को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को नेशनल सिक्योरिटी विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि एक अपराधी के पास से उनके दस्तावेज मिले हैं और उनका इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों में हुआ है। इसके बाद उन्हें जांच के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। ठगों ने उन्हें और उनकी पत्नी को घर से बाहर न निकलने, मोबाइल कैमरा हर समय ऑन रखने और लगातार वीडियो कॉल पर रहने के निर्देश दिए। डर के कारण डॉ. छाबड़ा ने 3 से 18 जून के बीच कई बार रकम ट्रांसफर की। उन्होंने अस्पताल जाना भी बंद कर दिया। बाद में ठगी का पता चलने पर साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई।

हरियाणवी सिंगर से रेप, एसआई व डॉक्टर पर केस

पलवल। हरियाणवी कलाकार से दुराचार मामले में होमगार्ड एसआई और पलवल सिविल अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसके अलावा 2 हवलदार भी आरोपी हैं। हरियाणवी गायक व डांसर ने होमगार्ड एसआई मनोज कुमार पर शादी का झांसा देकर कई महीनों तक दुराचार करने का आरोप लगाया था। तलाकशुदा महिला ने 4 जून को कहा था कि वह एक केस के सिलसिले में थाने गई थी। वहां एक पुलिसकर्मी ने उसे मनोज से मिलवाया था। मनोज ने मदद करने के लिए एक होटल में बुलाया, जहां उसे नशीला पदार्थ खिलाकर दुराचार किया गया। इसके बाद शादी का झांसा देकर कई माह तक उसका शोषण किया गया। बाद में पता चला कि आरोपी मनोज पहले से ही शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं। वहीं, महिला की शिकायत पर फिरोजपुर झिरका निवासी होमगार्ड एसआई मनोज, गांव मंढनाका निवासी हवलदार महेन्द्र, पलवल सरकारी अस्पताल के डॉ. राजेश व गांव आलदोका निवासी हवलदार अंकुर पर केस हुआ है।

बाल कल्याण समिति को दिनांक 18.06.2026 को जिला के उपमंडल बहादुरगढ़ के ब्रह्म शक्ति हस्पताल के पास एक नवजात शिशु मिल था, जिसका मुकद्दमा नंबर 173/ 15.06.2026 है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:-

बच्चे का नाम	नामालूम
पिता का नाम	नामालूम
आयु	एक दिन
बच्चा जिस स्थान पर मिला	ब्रह्म शक्ति हस्पताल के पास, बहादुरगढ़
एफआईआर नंबर	173/15.06.2026
अंडर सेक्शन	93 बीएनएस
पुलिस स्टेशन	सिटी बहादुरगढ़

Sd/-
Distt. Child Protection Officer
JHAJJAR

पीआरडीएच-1128/11/658/2027/46393/88/6 दि. 19.06.26

पैसों के विवाद में पंचायत में गए बुजुर्ग की लाठी मारकर हत्या, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल/निसिंग

जमीन विवाद में बुजुर्ग ताई को दिया धक्का, गई जान

कुरुक्षेत्र। जमीन को लेकर चल रहे विवाद में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान 74 साल की निर्मला देवी निवासी किशनपुरा के रूप में हुई। महिला के पति रामपाल का उनके भाई लज्जा राम के साथ खेत की एक एकड़ जमीन को लेकर करीब 8 साल से विवाद चल रहा है। विन्द्र कुमार (50) निवासी किशनपुरा ने पुलिस को बताया कि आरोपी तरसेम ने उनके हिस्से के खेत को जोत दिया। उसने और उसके पिता रामपाल ने आरोपी तरसेम से खेत जोतने के लिए पूछा तो आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। आरोपी के भतीजे सौरभ व बेटा शुभम भी मौके पर मौजूद थे। झगड़ा बढ़ता देख उसकी मां निर्मला देवी बीच-बचाव करने के लिए आई तो आरोपी तरसेम ने ताई को जोर से धक्का देकर गिरा दिया, जो जानलेवा साबित हुआ। थाना सदर थानेसर के एसएचओ रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने बयान के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

निसिंग क्षेत्र के गांव अमूपुर में पंचायत के लिए गए लोगों पर दूसरे पक्ष ने हमला बोल दिया। इसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमूपुर निवासी जयमल सिंह ने बताया कि 18 जून को उनके पिता सुबा सिंह पुत्र काहन सिंह गांव की पंचायत में शामिल होने गए थे। उनके साथ मास्टर इन्द्र सिंह, निर्मलजीत सिंह और सरजीत सिंह भी मौजूद थे। सभी लोग जानपाल पुत्र करतार सिंह के डेरे पर पैसों के लेन-देन को लेकर बातचीत करने पहुंचे थे। वहां पहुंचते ही जानपाल सिंह ने मुख्य गेट बंद कर लिया और लाठी लेकर हमला कर दिया। आरोप है कि उसने सुबा सिंह के सिर पर लाठी से वार किया, जिससे वह नीचे गिर गए और उनका सिर दीवार से टकरा गया। हमले में उनकी मौत हो गई। थाना निसिंग के इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि जानपाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

तीन नशा तस्करों की लाखों की संपत्ति फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने तीन आदतन नशा तस्करों की करीब 62 लाख 20 हजार रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को फ्रीज किया है, जिनका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 80 लाख रुपये आंका गया है। पुलिस अब तक 33 नशा तस्करों की करोड़ों रुपये की संपत्तियां फ्रीज कर चुकी है। एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि पहला मामला भूना थाने का है, जहां साल 2026 में एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़े गए आदतन तस्कर आकाश उर्फ रिंकू के करीब 60 लाख रुपये के मकान को फ्रीज कर दिया है। आरोपी के खिलाफ 2019, 2021 और 2022 में भी नशा तस्करी के केस दर्ज हैं। वहीं, फतेहाबाद की बस अड्डा चौकी पुलिस द्वारा दबोचे तस्कर दीपक उर्फ दीपू की डेढ़ लाख रुपये मूल्य की कार को कब्जे में लिया है। हुडा चौकी पुलिस द्वारा गिरफ्तार अतुल उर्फ आशु की 70 हजार की बाइक को फ्रीज किया है।

फर्जी निदेशक बन रियल एस्टेट कंपनी से 78.50 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

साइबर थाना सेंट्रल फरीदाबाद की टीम ने एक कंपनी के खाते से 78.50 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए बिहार से 3 आरोपियों को काबू किया है। जिनकी पहचान विरशांत निवासी गांव कातर बिहार, प्रदीप कुमार शाह निवासी गांव पचवरा, छपरा बिहार तथा राहुल कुमार निवासी बड़ा शेखपुरा बिहार हाल न्यू एरिया गांधी नगर, बिहार के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि विरसांत खाताधारक है, जिसने अपना बैंक खाता प्रदीप कुमार शाह और राहुल कुमार को उपलब्ध कराया था। उसके खाते में ठगी की राशि के 25.50 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। वह 12वीं पास है तथा निजी नौकरी करता है, जिसको 14 जून को गिरफ्तार कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है। वहीं, प्रदीप कुमार शाह और राहुल कुमार ने खाताधारक विरसांत का बैंक खाता लेकर आगे साइबर ठगों तक पहुंचाया था। जिनको 17 जून बिहार से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर फरीदाबाद लाया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार हिमांशु वर्मा निवासी ओल्ड फरीदाबाद ने बताया कि वह अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। ठगों ने उसकी कंपनी के निदेशक का प्रतिरूपण कर कम्पनी के लेटरहेड का फर्जी दस्तावेज तैयार कर 3 जून को 53 लाख तथा 25.50 लाख की 2 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 78.50 लाख की ठगी की।

कंपनी में लोडिंग करते हुए प्लेट गिरने से श्रमिक की मौत

- झज्जर के दादरी तोए में 12 जून को ही काम पर आया था यूपी के प्रतापगढ़ का युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित एक निजी कंपनी में लोडिंग का कार्य करते समय ऊपर से सिर पर प्लेट गिरने के कारण हुए हादसे में एक प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान यूपी के प्रतापगढ़ जिला निवासी करीब 24 वर्षीय संजीत सरोज पुत्र रामपाल सरोज के तौर पर हुई है।

जानकारी के अनुसार संजीत सरोज बीती बारह जून को ही यहां कंपनी में नौकरी करने आया था। वीरवार को जब वह कंपनी में कार्य कर रहा था तो अचानक ऊपर से एक प्लेट आ गिरी, जिसके नीचे दबकर संजीत सरोज गंभीर रूप से घायल हो गया।

इसके बाद कंपनी के साथी श्रमिकों द्वारा संजीत सरोज को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मृतक के पिता रामपाल सरोज के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। साथी कर्मचारी की मौत की वजह से कंपनी में श्रमिकों के बीच गम का माहौल है।

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचवीपीएनएल	NITNO.EPC/05/DARKFIBERDATED 15.01.2026	शुद्धिपत्र-6/ जमा करवाने की निर्धारित तिथि का विस्तार 09.07.2026 तक 17.00 बजे तक।	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN
2	एचवीपीएनएल	NIT NO. 19/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2026-27 DATED:29.05.2026 (ONLINE TENDER ID NO.2026_HBC_525282_1)	"बोली खुलने की तिथि 19.06.2026 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 25.06.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)।"	www.hvpn.org.in	0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/80/46379/I/88/6 दि. 19.06.26

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-08-2026-27

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि/उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई–टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा बंद/खुलने की तिथि	लगभग लागत	धरोहर राशि	कार्य पूरा करने की अवधि	वैधता अवधि	टेण्डर फॉर्म की कीमत
1	ETrU-T-08-2026-27	अंबाला डिवीजन के एसआरई–यूएमबी– डीएचपीआर, यूएमबी–एलडीएच और जेएचएल–एचएसआर–एलडीएच सेक्शन पर उच्च एमएमडी परिवहन उत्पाद/डबल स्टैक ड्वार्फ कंटेनर्स (डीएसडीसी) की आवाजाही के लिए उल्लंघनों को हटाने के लिए सी/डब्लू में ओएचई संशोधन हेतु कार्य।	13.07.2026	₹ 1,35,53,784.08/-	₹ 2,71,100/-	08 महीने	60 दिन	Downloading through IREPS portal - NIL (₹ 5,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है।
2. निविदाकार के पास ई– निविदा में भाग लेने के लिए क्लास – III Digital Signature Certificate होनी चाहिए।
3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे।
4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार है: **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE".**
5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

संख्या: ETrU-T-08-2026-27 दिनांक: 19.06.2026 2112/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प रोहतक	जीन्द जिले में गांव पेगां में आईटीआई भवन का निर्माण (एसी और आरओ प्लांट का प्रावधान केवल) + 1 कार्य।	18.06.2026 25.06.2026	25.61 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in
2	राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा	राज्य परिवहन हरियाणा के डिपुओं में अपेक्षित टायर रिट्रेडिंग मैटीरियल (प्रीक्योर्ड) और इसके सम्बद्ध उत्पादों की खरीद हेतु नई ऑनलाइन निविदा के लिए निविदा सूचना।	22.06.2026 21.07.2026	4.01 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	0172-2709809 dtcstore-dst@hry.gov.in
3	राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा	अगले एक वर्ष के लिए हरियाणा रोडवेज की बसों के लिए आवश्यकताएं पूरी करने के लिए नये स्टील रेडियल ट्यूबलैस टावर आकार 295/80 आर 22.5–16पीआर, नये नॉयलोन टायर सैट्स आकार 7.50×16पीआर सहित ट्यूब और फ्लैप तथा नये स्टील रेडियल टायर सैट आकार 10.00 आर 20–16 पीआर सहित ट्यूब और फ्लैप की खरीद के लिए नये ऑनलाइन निविदा हेतु निविदा सूचना (लगभग मूल्य 32.00 करोड़)।	22.06.2026 21.07.2026	32 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	0172-2709809 dtcstore-dst@hry.gov.in
4	पंचायती राज सोनीपत	मुंडलाना गांव ब्लॉक मुंडलाना में फिरनी का निर्माण + 2 कार्य।	16.06.2026 24.06.2026	95.90 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
5	पंचायती राज सोनीपत	महिला एवं युवा विकास केन्द्र, दीपालपुर का निर्माण।	18.06.2026 25.06.2026	83.91 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
6	पंचायती राज अम्बाला	एचजीवीवाई – गांव बेगोमाजरा ब्लॉक अम्बाला–1 में हरकीरत के खेत से कुलभूषण के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण + 1 कार्य।	17.06.2026 23.06.2026	14.38 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in
7	पंचायती राज पुण्डरी	गांव मुन्नारहेड़ी में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना + 4 कार्य।	17.06.2026 25.06.2026	21.02 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398020009 sdoprpundri@gmail.com
8	पंचायती राज कैथल	गांव जाडौला, ब्लॉक ढांड में बाल्मिकी चौपाल हेतु हॉल का निर्माण।	16.06.2026 22.06.2026	8.42 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01746-234748 prexeeng.ktl@hry.nic.in
9	सिविल सर्जन सिरसा	जिला सिरसा में ऑर्थो इम्प्लांट्स और इंस्ट्रयूमेंट्स 2026–27 की ई–निविदा।	23.06.2026 09.07.2026	ईएमडी 1 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416255807 cposirsa@gmail.com
10	सिविल सर्जन फरीदाबाद	एनटीईपी कार्यक्रम के तहत एसीएफ टीबी विभाग समेत पब्लिक प्राईवेट सपोर्ट एजेंसी पीपीएसए हेतु निविदा।	19.06.2026 02.07.2026	1.04 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	8059682590 dtohrfbd@rntcp.org
11	सिविल सर्जन भिवानी	ऑर्थो इम्प्लांट्स के लिए ई–निविदा।	22.06.2026 13.07.2026	1 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com
12	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत	पांची जाट्टान लिंक ड्रेन पर आरडी 3200 पर पाइप एक्वेडक्ट का पुनर्निर्माण।	बंद होने की तिथि 22.06.2026	5.31 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9050101646 xenrws@rediffmail.com
13	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत	गांव हुल्लाहेड़ी में ईस्ट जुआं ड्रेन के रीच आरडी 20705 से 21565 में डिजाइन के अनुरूप ड्रेन खुदाई और रीच आरडी 20705 से 20865 और 21245 से 21270 और 21650 में पाइप लाइन बिछाकर ड्रेनेज के पुनरोद्धार हेतु आकलन।	बंद होने की तिथि 26.06.2026	9.49 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com
14	वन विभाग फरीदाबाद	फतेहाबाद और टोहाना रेंज में प्लांटेशन का रखरखाव।	18.06.2026 29.06.2026	256.42 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1667220313 dfo.fatehabad@yahoo.co.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/280/46391/I/88/6 दि. 19.06.26

ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय :- "प्रथम तल, एससीओ 69, शॉपिंग सेंटर-2, सेक्टर-17, हुडा जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135003 के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों)	डिमांड नोटिस तिथि और राशि	अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन	सांकेतिक कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य
श्रीमती मीनू मेहता श्री रितिक मेहता यूनिक ट्रेंड्ज (प्रोस्पेक्ट नं. IL10705404)	13/10/2025 रु. 2222609/- (रुपये बाईस लाख बाईस हजार छह सौ नौ केवल)	अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की सीमाओं के अंदर जिला यमुनानगर हरियाणा 135003, मकान जिसकी नई सम्पत्ति आईडी नं. 1K74BND5, पुरानी सम्पत्ति आई.डी. नं. 68C232U123 खसरा नं. 27//3, 27//8, मौजा जगाधरी, वर्तमान में मुखर्जी पार्क विस्तार के तीर पर जानी जाती। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 1488.00 1264.80	19/05/2026 कुल बकाया दिनांक 05.06.2026 के अनुसार रु. 2418102.99/- (रुपये चौबीस लाख अठारह हजार एक सौ दो और निन्यानवे पैसे केवल)	रु. 2748000/- (रुपये सतांइस लाख अड़तालीस हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 274800/- (रुपये दो लाख चौहत्तर हजार आठ सौ केवल)
	बोली बढ़ौतरी राशि रु. 40000/- (रुपये चालीस हजार केवल)			

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी अन्तिम तिथि	ई-नीलामी की तिथि/समय
22.07.2026 1100 बजे – 1400 बजे	24.07.2026 अप. 5.00 बजे तक	27.07.2026 1100 बजे – 1300 बजे

भुगतान का मोड :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको **https://www.iiflonehome.com** पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी :** प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं। **शेष भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

नियम एवं शर्तें:-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीदार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- **care@iiflonehome.com**, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @ 1800 2672 499
8. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा **care@iiflonehome.com** पर ई-मेल लिखें।
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे हुए घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10.

शाह ने 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित किया

डेटा इकट्ठा करना 'अपर्याप्त', इसे इंटेलिजेंस में बदलें, सबूतों को मजबूत-विश्वसनीय बनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आयोजित 26वें अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन-2026 को संबोधित किया। इस सम्मेलन में एनसीआरबी के डायरेक्टर आलोक रंजन, सीएफएसएल के निर्देशक एसके जैन, एनसीआरबी के संयुक्त निर्देशक संजय माथुर मौजूद रहे, जबकि विभिन्न राज्यों की पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। गृह मंत्री शाह ने कहा कि जांच अधिकारियों को साक्ष्य जुटाने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक हर चरण की बेहतर ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। न्होंने जोर देकर कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत वैज्ञानिक तरीकों से सबूतों को मजबूत और विश्वसनीय बनाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि अदालत में किसी भी जानकारी को प्रभावी साक्ष्य और उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण होती है।

एनसीआरबी के डायरेक्टर और अन्य अफसर मौजूद रहे

साक्ष्य जुटाने से लेकर चार्जशीट दाखिल करने तक हर चरण की बेहतर ट्रेनिंग दी जानी चाहिए

मार्गदर्शन की उपयोगिता पर दिया जोर

गृह मंत्री शाह ने उदाहरण देते हुए कहा कि महाभारत में कौरवों की सेना और उनकी ताकत पांडवों से अधिक थी, लेकिन पांडवों के पास श्रीकृष्ण का मार्गदर्शन था। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण से उपलब्ध जानकारी का सही विश्लेषण कर उसे उपयोगी रणनीति में बदलते थे, जिससे पांडवों को युद्ध में सफलता मिली। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान, 'अभिज्ञान' ऐप,सीआर पीआई सिस्टम, ई-प्रॉसिक्यूशन 2.0 और ई-फॉरेंसिक 2.0 को लॉन्च किया।

संस्थानों को विकसित किया जा रहा

गृह मंत्री ने कहा कि एनसीआरबी और बीपीआरडी अब केवल रिकॉर्ड और आंकड़े सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं रहेंगे। इन संस्थाओं को आधुनिक, इंटेलिजेंस-आधारित अपराध रोकथाम प्रणाली के रूप में विकसित किया जा रहा है। उनका उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि पहले से संभावित अपराधों की पहचान कर उन्हें रोकने की व्यवस्था तैयार करना है। उन्होंने बताया कि देश में उपलब्ध 1.29 करोड़ फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड, 9 लाख नारकोटिक्स अपराधियों का डेटा और 3.65 लाख ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़े रिकॉर्ड को (एआई) और मशीन लर्निंग की मदद से उपयोगी इंटेलिजेंस में बदला जाएगा। इससे अपराधियों की पहचान और उन पर कार्रवाई करना अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सीसीटीएनएस नेटवर्क की पहुंच देश के 17,840 पुलिस थानों तक हो चुकी है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज करेगी मॉक ड्रिल

- ढाई लाख पुलिस कर्मी संभालेंगे सुरक्षा और प्रश्नपत्र लाने-ले जाने का जिम्मेदारी निभाएंगे अर्धसैनिक बल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) शनिवार को मॉक ड्रिल से 21 जून को दोबारा होने वाली नीट यूजी की तैयारियों को परखेगी। परीक्षा को फूलप्रूफ, पारदर्शिता, निष्पक्षता बनाए रखने 5,500 से अधिक केंद्रों को अभेद्य किले में तब्दील कर दिया गया। सुरक्षा की जिम्मेदारी 2-2.5 लाख पुलिस कर्मियों को सौंपी गई हैं।प्रश्न पत्र को पहुंचाने और आंसर शीट को सुरक्षित वापस लेने का जिम्मा 15 हजार अर्द्धसैनिक बलों को मिली है। परीक्षा के पारदर्शी आयोजन के लिए 1.5 लाख अतिरिक्त कैमरे और 15 हजार जैमर भी लगाए गए हैं।

केंद्रों में लगे सीसीटीवी

अधिकतर परीक्षा केंद्रों में पहले से ही सीसीटीवी लगे हुए हैं, उनका एक्सेस एनटीए ने अपने जिम्मे ले लिया है। इसकी निगरानी, दिल्ली में एनटीए हेडक्वार्टर के अलावा कुछ अन्य जगहों पर भी होगी। क्लासरूम व परीक्षा केंद्र की निगरानी सुरक्षा कारणों के चलते विशेष टीम के पास रहेगी। जबकि परीक्षा केंद्र के बाहर राज्य सरकार के अधीनस्थ जिला प्रशासन व पुलिस विभाग भी निगरानी रखेंगे।

त्रिस्तरीय सुरक्षा जांच के घेरे में होगी परीक्षा: जांच एजेंसियों का तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। बाहरी घेरा जिला मजिस्ट्रेट की टीम, दूसरा राज्यस्तरीय (प्रदेश पुलिस) और तीसरा (परीक्षा केंद्र के अंदर) घेरा केंद्र सरकार की विशेष सुरक्षा टीम का रहेगा।

पंजाब, हरियाणा यूपी, उत्तराखंड राजस्थान, एमपी में परिवहन सुविधा देगा: 21 जून को परीक्षा के दिन पंजाब, हरियाणा, यूपी, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत कुछ अन्य राज्य छात्रों के लिए परिवहन सुविधा सुलभ करवाएंगे। भाजपा समेत राजग शासित प्रदेशों की राज्य सरकारों ने परिवहन और सुविधाओं के लिए हामी भर दी है।

अवमानना मामले में ममता, अभिषेक को नोटिस जारी

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से पिछले साल 21 जुलाई को आयोजित शहीद दिवस रैली के दौरान सड़कों को जाम करने को लेकर अदालत के निर्देश के कथित उल्लंघन से जुड़े अवमानना मामले में पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी और महासचिव अभिषेक बनर्जी को नोटिस जारी करने का शुक्रवार को आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई तीन जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस की ओर से 21 जुलाई 2025 को शहीद दिवस रैली आयोजित की गई थी। इस दौरान कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके में मुख्य सड़कें पूरी तरह से जाम हो गई थीं।

आंध्र प्रदेश में एक ही परिवार के चार की मौत

केवी अग्रहारम। आंध प्रदेश के प्रकाशम जिले में शुक्रवार को तीन नाबालिग समेत एक ही परिवार के चार लोग मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि बच्चे अपने घर में मृत पाए गए जबकि उनके पिता पास के एक पेड़ की शाखा से जुड़े फंदे से लटके पाए गए।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु की प्रेस कांफ्रेंस

प्रधानमंत्री मोदी की स्लोवाकिया फ्रांस यात्रा 'अत्यंत सार्थक'रही

इसके दूरगामी परिणाम दिखाई देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्रा को शुक्रवार को ' अत्यंत सार्थक'बताया और कहा कि भारत में आने वाले दिनों में इसके 'सकारात्मक व दूरगामी परिणाम' दिखाई देंगे। प्रधानमंत्री 13 से 18 जून तक फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पूरी करने के बाद लौट आए हैं। यात्रा के दौरान उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया और कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इसने भारत की आर्थिक प्रगति के साथ-साथ देश में प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और कौशल विकास क्षेत्रों में भी एक नया आयाम जोड़ा है। उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा kf पूर्वी यूरोपीय देश स्लोवाकिया जैसे देश के साथ एक अहम संबंध की स्थापना आज प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा के दौरान भारत द्वारा हासिल की गई एक बहुआयामी उपलब्धि है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि इस यात्रा के अत्यंत सकारात्मक और दूरगामी परिणाम आने वाले समय में दिखाई देंगे।

'ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' बनी

एक खास 'ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (वैश्विक रणनीतिक साझेदारी) बनाई गई, जिसके तहत प्रधानमंत्री ने दुनिया के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। 'भारत इनोवेट्स 2026' समिट भी हुई। यह बात उल्लेखनीय है कि जी-77 समिट के मुख्य मेजबान होने के बावजूद, फ्रांस के राष्ट्रपति ने 'भारत इनोवेट्स' समिट में शामिल होने के लिए समय निकाला। इसके बाद पेरिस में 'विवा टेक' इवेंट हुआ, जिसमें भारत ने अहम भूमिका निभाई। इन इवेंट्स के साथ-साथ, प्रधानमंत्री ने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और अनौपचारिक बातचीत भी की।

अल्लू अर्जुन को 22 कोर्ट में पेश होने का आदेश

हैदराबाद। यहां की नामपल्ली कोर्ट ने साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन को समन भेजा है। उन्होंने 22 जून को संध्या थिएटर भगदड़ मामले की सुनवाई के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। चिक्कड़पल्ली पुलिस ने चार्जशीट में उन्हें आरोपी नंबर 11 बनाया है। संध्या थिएटर के प्रबंधन को भी आरोपियों में नामजद किया गया है।

टीएमसी के 2 पूर्व मंत्रियों ने भी छोड़ दिया पद

कोलकाता। टीएमसी में उथल-पुथल के बीच दो पूर्व मंत्रियों ने अहम पदों से इस्तीफा दे दिया है। बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक ने सभी पदों से इस्तीफा दिया। वहीं एक अन्य पूर्व मंत्री और सिलीगुड़ी नगर निगम के महापौर गौतम देब ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मलिक ने खराब स्वास्थ्य के कारण पद छोड़ा।

पीएम मोदी का ओडिशा व बंगाल दौरा

आज ओडिशा में करेंगे कोयला गैसीकरण योजना का शिलान्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 20 जून को ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के लखनपुर में देश की पहली वाणिज्यिक स्तर की कोयला-से-अमोनियम नाइट्रेट परियोजना की आधारशिला रखेंगे। 25,016 करोड़ की लागत वाली यह कोयला गैसीकरण परियोजना देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, आयात पर निर्भरता कम होगी।

बंगाल में करेंगे उद्घाटन सम्मान निधि जारी करेंगे

प्रधानमंत्री मोदी 20 और 21 जून को पश्चिम बंगाल के 2 दिनी दौरे पर रहेंगे। हुगली में पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में भाग लेंगे, रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कृषि योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। 18,880 करोड़ रुपए की 23वीं पीएम-किसान सम्मान निधि किस्त जारी करेंगे।

कर्नाटक एमएलसी चुनाव पर 3 नेता दिल्ली तलब

नई दिल्ली। कर्नाटक में 7 विधान परिषद सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा को झटका लगा है। सीएम डीके शिवकुमार की अगुवाई में कांग्रेस ने जहां 5 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा 2 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। भाजपा विधायकों की क्रॉस-वोटिंग से भाजपा हाईकमान नाराज है। 23 तारीख को दिल्ली बुलाया है।

आरबीआई के एक लाख करोड़ रुपये के वीआरआर को सुस्त प्रतिक्रिया

आरबीआई के वीआरआर नीलामी में बैंकों की मांग सुस्त, अधिशेष घटने से उत्साह नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक लाख करोड़ रुपये की तीन दिन की 'परिवर्ती दर रेपो' (वीआरआर) नीलामी को शुक्रवार को बैंकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिली जो अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत देती है।

केंद्रीय बैंक को वीआरआर नीलामी में बैंकों से एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। आरबीआई ने नीलामी में पूरी राशि को 5.26 प्रतिशत की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर स्वीकार कर लिया। बैंकिंग प्रणाली में नकदी की स्थिति अधिशेष में बनी रही, हालांकि इसका स्तर अपेक्षाकृत कम रहा।

अल्पाकालिक धन की मांग सीमित

वीआरआर नीलामी में कम भागीदारी यह संकेत देती है कि आरबीआई द्वारा परिवर्तनीय दर रेपो परिचालन के माध्यम से नकदी समर्थन दिए जाने के बावजूद बैंकों में अल्पकालिक धन की मांग सीमित रही।आरबीआई अल्पकालिक नकदी प्रबंधन और ओवरनाइट दरों को नीतिगत दर गलियारे के अनुरूप बनाए रखने के लिए वीआरआर नीलामियां आयोजित करता है।

18 जून को नकदी अधिशेष करीब 19,163 करोड़ रुपये रहा

आरबीआई के पास उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 18 जून तक प्रणाली में नकदी अधिशेष करीब 19,163.11 करोड़ रुपये रहा। पिछले दिन की तुलना में नकदी की स्थिति में मामूली सुधार हुआ, लेकिन यह अब भी कम स्तर पर बनी रही, जो बैंकिंग प्रणाली में अपेक्षाकृत सख्त परिस्थितियों को दर्शाती है।

- अल्पकालिक धन की सीमित आवश्यकता का संकेत
- अधिसूचित राशि के मुकाबले 16,750 करोड़ रुपए की बोलियां मिली
- नीलामी में पूरी राशि को 5 .26 प्रतिशत को कट ऑफ पर स्वीकार किया गया

अलग-अलग ब्याज दर पर बैंकों को पैसा उधार दिया जाता है

यह वीआरआर की व्यवस्था के तहत बैंकों को अलग-अलग ब्याज दरों पर बोली के जरिये पैसा उधार देता है। नकदी दबाव को कम करने और ओवरनाइट मनी मार्केट दरों को नियंत्रित रखने के लिए केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के जरिए करीब 1.89 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

18 जून को दो नीलामी की गई

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इसमें 18 जून को दो नीलामियों के जरिये 72,300 करोड़ रुपये, 16 जून को सात दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए 89,440 करोड़ रुपये और 15 जून को ओवरनाइट नीलामी के जरिये डाले गए 28,220 करोड़ रुपये शामिल हैं।

मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर रहना होगा सतर्क

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान आने वाले समय में मुद्रास्फीति के व्यापक फैलाव को लेकर सतर्क रहने की जरूरत बतायी। मल्होत्रा ने नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने के पक्ष में मतदान करते हुए यह बात कही थी।

रेपो दर 5.25 फीसदी पर रखने का फैसला

आरबीआई ने तीन से पांच जून के बीच हुई एमपीसी बैठक की कार्यवाही का ब्योरा शुक्रवार को जारी किया। समिति के अन्य पांचों सदस्यों ने भी नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखने के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी ने रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया था।

विदेशी पूंजी आकर्षित करने कई कदम घोषित

बैठक के दौरान पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई कदमों की घोषणा की गई थी। ब्योरे के मुताबिक, एमपीसी बैठक के दौरान मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई और वृद्धि के अनुमानों को लेकर अनिश्चितता अधिक है।

सोना 2,840 रुपये टूटा, चांदी भी 8,040 रुपये फिसली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सोना टूटकर 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया
- चांदी की कीमत लुढ़कर 2 .4 लाख रुपए प्रति किलोग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,840 रुपये टूटकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गयी। वहीं, चांदी की कीमत 8,040 रुपये लुढ़क कर 2.4 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर रही। मुख्य रूप से डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं में बिकवाली हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,840 रुपये टूटकर 1,50,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रही। बृहस्पतिवार को यह 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। चांदी में भी बड़ी गिरावट देखी गई और यह 8,040 रुपये टूटकर 2,40,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गयी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्राफा फिसला

यह हाल की गिरावट इस साल की शुरुआत में देखे गए रिकॉर्ड उच्च स्तर से एक बड़ा बदलाव है और सोना अब लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट की ओर बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोने की कीमत 60.70 डॉलर यानी 1.44 प्रतिशत टूटकर 4,148.45 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी की कीमत 1.51 प्रतिशत टूटकर 64.73 डॉलर प्रति औंस रही।

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 41, 67, 69-एमएलडीटी-26-27, दिनांक: 18.06.2026। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पो. ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: 41-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम:** मालदा टाउन-जमालपुर के कार्य के लिए खुली ई-निविदा- वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में मालदा मंडल में मेन लाइन से यार्ड/साइडिंग्स के पृथकीकरण के लिए मालदा, सकरीगली, भागलपुर तथा जमालपुर स्टेशन पर स्विचिंग स्टेशन। **निविदा मूल्य:** ₹ 65,40,139.09। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: 67-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन बरसात के मौसम के दौरान सीमित ऊंचाई के सबवे की डीवार्टरिंग कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 35,67,323.35। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: 69-एमएलडीटी-26-27। काय का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन साहिबगंज-भागलपुर खंड में सकरीगली-साहिबगंज स्टेशनों के बीच किमी 228/7-8 पर एलएचएस संख्या 346 तथा पीरपैंती-शिवनारायणपुर स्टेशनों के बीच किमी 257/3-4 पर एलएचएस संख्या 94 पर शेड, सम्प, आरडीएसओ स्टैण्डर्ड हाइट गेज का प्रावधान तथा अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,35,49,439.05। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.07.2026 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान: **www.ireps.gov.in** एवं मंडल रेल प्रबंधक/मालदा का कार्यालय।

(MLD-100/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

आईटी शेयरों में बिकवाली से पांच दिनों की तेजी थमी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार पांच दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

विश्लेषकों के मुताबिक, स्विट्जरलैंड में अमेरिका-ईरान शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तावित वार्ता के टलने से उत्पन्न नई अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 607.08 अंक टूटकर 76,802.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 940.26 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 154.90 अंक गिरकर 24,013.10 अंक पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजारों में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। शुक्रवार को सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर 6.69 प्रतिशत टूटा। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 3.53 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.74 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2.45 प्रतिशत नीचे बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी नुकसान में रहे।

तनिष्क द्वारा 'सोल्स इन सिम्फनी' प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन पेश

बैंगलुरु। भारत का सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने अपना सबसे नया, प्राकृतिक हीरों का कलेक्शन, 'सोल्स इन सिम्फनी पेश किया है। 100 प्रतिशत प्राकृतिक हीरों और प्राकृतिक जेमस्टोन्स से बने इस कलेक्शन को आज के दौर की महिलाओं के आपसी जुड़ाव और दोस्ती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह कलेक्शन बदलते रिश्तों, साथ में बिताए अनुभवों और उन गहरे जुड़ावों को दर्शाता है, जो आज की महिलाओं की जिन्दगी को नया रूप देते हैं। प्राकृतिक हीरों के आभूषणों में ग्राहकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। तनिष्क इस श्रेणी में अपनी बढ़त को और मजबूत कर रहा है। यह मजबूती तनिष्क की बेहतरीन कारीगरी और आधुनिक डिजाइनों से आती है। साथ ही, तनिष्क के प्राकृतिक हीरों का सदाबहार आकर्षण इसे खास बनाता है। 'सोल्स इन सिम्फनी' को खास उन महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऐसे आभूषण चाहती हैं जो हर माहौल में आसानी से ढल जाएं। इन्हें रोजाना के पलों, करीबी मेल-मिलापों और खास अवसरों पर आराम से पहना जा सकता है। यह कलेक्शन उन अनमोल रिश्तों का जश्न मनाता है जो इन पलों को सार्थक बनाते हैं। यह कलेक्शन महिलाओं के आपसी रिश्तों की गर्माहट और सहजता से प्रेरित है। इन खूबसूरत भावनाओं को आधुनिक आभूषणों का रूप दिया गया है।

रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 94.34 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने निवेशकों की धारणा पर दबाव डाला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपया शुरुआत में सकारात्मक रुख के साथ खुला था। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में तेजी आने की उम्मीद के बीच घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। हालांकि, अमेरिकी-ईरान शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बाजार धारणा कमजोर हो गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.30 पर खुला।

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान तिरुपति

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का एक स्वायत्त संस्थान)

संविदा के आधार पर परामर्शदाता एवं कनिष्ठ परामर्शदाता के लिए भर्ती

आईआईएसईआर तिरुपति संविदा के आधार पर **"परामर्शदाता 01 पद एवं कनिष्ठ परामर्शदाता - 01 पद"** के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड और प्रासंगिक कार्य अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **www.iisertirupati.ac.in** देखें और **"Careers-Administration"** लिंक पर क्लिक करें।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **जून 29, 2026 को 17.00** बजे है।

हस्ता./-

विज्ञापन सं. 40/2026/आईआईएसईआर-ति/भर्ती/06.06.2026 कुलसचिव (प्रभारी)

Cbc- 21377/11/0005/2627

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद्, भिवानी के अन्तर्गत आने वाली भारत भवन, रेलवे रोड, घंटाघर भिवानी में स्थित 01 से 12 नं. दुकानों को वर्तमान स्थिति में ही किराये पर देने के लिए बोली दिनांक 02.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे जिला परिषद्, कार्यालय भिवानी में सरेआम करवाई जाएगी। इच्छुक बोली दाता निर्धारित स्थान व समय पर पहुचकर बोली दे सकते हैं, बोली दाता को बोली देने से पहले 20,000/- रू. धरोहर राशि जमा करवानी होगी, इसके अतिरिक्त यह भी लिखा जाता है कि बोली से सम्बन्धित नियम व शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी।

हस्ता/- अतिरिक्त उपायुक्त-कम-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, भिवानी।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सोनालीका का 2027 में मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी रफ्तार को और तेज करते हुए मई की अब तक की सर्वाधिक 17,204 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है और 21% वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। सोनालीका की यह नई उपलब्धि किसानों को 'जीतने का दम' देने पर ब्रांड के निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है और भारत को कृषि महाशक्ति बनाने की दिशा में कंपनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करती है। कंपनी ने भारत में आगामी खरीफ सीजन की तैयारी के उपलक्ष में 17,029 ट्रैक्टरों का अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया है।मानसून दशकों से भारतीय कृषि में आशावाद बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। हालांकि, किसान अब सिंचाई की बढ़ती तीव्रता पर भरोसा कर रहे हैं और बेहतर फसल प्रबंधन और अधिक उत्पादन के लिए तकनीकी रूप से उन्नत ट्रैक्टरों की तलाश कर रहे हैं। भविष्य के लिए तैयार ट्रैक्टरों द्वारा 'जीतने का दम' देने के अपने दृढ़ विश्वास के साथ, सोनालीका ट्रैक्टर्स अपने विश्व के नंबर 1 ट्रैक्टर प्लांट में विशेषज्ञ इंजीनियरिंग और सबसे ताकतवर इंजनों से लैस ट्रैक्टरों के साथ किसानों के लिए प्रतिबद्ध है।

बैंकिंग प्रणाली में नकदी तीन माह के निचले स्तर पर

मुंबई। बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी तेजी से घटकर करीब तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर आ गई है। नकदी बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के प्रयासों के बावजूद अग्रिम कर भुगतान के कारण पैसा बाहर जाने के चलते ऐसा हुआ है। आरबीआई के आंकड़ों का किए गए विश्लेषण के मुताबिक, 17 जून को बैंकिंग प्रणाली में मौजूद अतिरिक्त नकदी घटकर 4,772.21 करोड़ रुपये रह गई, जबकि 16 जून को यह 23,881.21 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से पता चलता है कि 17 जून का स्तर 22 मार्च, 2026 के बाद सबसे कम है, जब बैंकिंग प्रणाली में 65,395.64 करोड़ रुपये की नकदी कम थी। विशेषज्ञों ने कहा कि अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली से धन की निकासी होने से नकदी की स्थिति पर दबाव पड़ा है।

नियुक्ति सूचना

क्रमांक 1829/30 दिनांक 15.06.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड कलानौर के ग्राम पंचायत जिन्दराण कलां व सुंडाना में रिक्त पदों पर सफाई कर्मी लगाए जाने है जिस बारे आवेदन लेने तथा साक्षात्कार की तिथि निम्न अनुसार है:-

आवेदन जमा करवाने की तिथि: 30/06/2026, आवेदन जमा करवाने का स्थान: खण्ड कलानौर, कलानौर।

आवेदन की आयु: 18 वर्ष से 55 वर्ष तक।

साक्षात्कार की तिथि: 09/07/2026 प्रात 11:00 बजे, साक्षात्कार के लिए स्थान : खण्ड कलानौर, कलानौर।

हस्ता/-

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कलानौर।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में शीला बाईपास से सुखपुरा चौक तक नाला की सफाई और गाद निकालना। (पुनः आमंत्रण)	19.06.2026 26.06.2026	20.52 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/46383/I/88/6 दि. 19.06.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद भिवानी	समाधान शिविर शिकायत दिनांक 15.01.2026 के तहत सेक्टर-13, 23, 21 और 26 सहित मण्डी टाउनशिप अथवा एमसीएस क्षेत्र में विभिन्न गली नम्बर प्लेट्स में मकान नम्बर प्लेट्स का प्रावधान व फिक्सिंग + 4 कार्य।	18.06.2026 26.06.2026	2,71,89,998/-	https://etenders.hry.nic.in	99966295555 mcmcbhiwani@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/60/46386/I/88/6 दि. 19.06.26

सोसाइटी जनरल ने एंथम में हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली। सोसाइटी जनरल, प्रूडेंशियल हांगकांग और गिसालो कैपिटल मैनेजमेंट के नेतृत्व में वैश्विक निवेशकों ने एंथम बायोसाइंसेज के एक प्रवर्तक अरुणा गणेश से खुले बाजार के सौदों के जरिये कंपनी में कुल तीन प्रतिशत हिस्सेदारी 1,275 करोड़ रुपये में खरीदी।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस संख्या: 61265237A

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002, द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	बंद होने की तिथि
1.	61265237A	500 KVA ब्रशलेस अल्टरनेटर	10 नग	16 जुलाई, 2026

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

2118/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शुद्ध आयकर संग्रह 17 जून तक 15 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 17 जून के दौरान शुद्ध आयकर संग्रह 14.64 प्रतिशत बढ़कर 5.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध कंपनी कर संग्रह 22 प्रतिशत बढ़कर 2.08 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि शुद्ध गैर-कंपनी कर संग्रह आठ प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.94 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 45 प्रतिशत बढ़कर 18,856 करोड़ रुपये रहा। अग्रिम कर संग्रह 15.30 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। कंपनियों से प्राप्त अग्रिम कर 16 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया जबकि गैर-कंपनी अग्रिम कर 13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 37,620 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के मुताबिक, 17 मई तक 89,026 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 1.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सकल आधार पर प्रत्यक्ष कर संग्रह 12.46 प्रतिशत बढ़कर 6.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसमें 2.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक का कंपनी कर और लगभग 3.15 लाख करोड़ रुपये का गैर-कंपनी कर संग्रह शामिल है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 26.97 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

राशिफल

मेष परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

शब्द पहेली - 6262

बाएँ से दाए-

1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

ऊपर से नीचे

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

शब्द पहेली -6261 का हल

क	ल	ह		म		प	र	दा	न	शी
पू		क	ल	श		छ	बी	ल		त
त	ल			व		ता			सा	ल
	ल		धा	रा	प्र	वा	ह		व	
म	क	ब	रा		था		म	हा	न	ता
			वा	दा			मा	स		
ह	म	रा	ही		पा		फ	र	मा	न
	यू		क	हा	नी	का	र		य	
ख	र			थी		र			का	न
प		ब	र	खा		ना	र	द		य
त	र	स	खा	ना		मा		म	न	न



दिल्ली के विज्ञान भवन में उद्यमियों से किया संवाद

मोदी ने 15 लाख युवाओं को दिए 2400 करोड़ बोले- रोजगार योजना ने 70 लाख जॉब दिए

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार नौकरी पाने वाले 15 लाख कर्मचारियों एवं उनके नियोक्ताओं को 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी करते हुए शुक्रवार को कहा कि 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' (पीएम-वीबीआरवाई) के तहत देशभर में 70 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। सरकार की तरफ से यह राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब सरकार, युवा और उद्योग साथ मिलकर काम करते हैं तो रोजगार सृजन कई गुना बढ़ता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत न केवल 70 लाख रोजगार सृजित हुए हैं, बल्कि लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज भी दिया गया है। सरकार नए रोजगार पैदा करने वाले संस्थानों एवं नियोक्ताओं को प्रोत्साहित करती है। पीएम-वीबीआरवाई पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए उद्योग और कार्यबल के बीच एक 'पुल' का काम करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस योजना के जरिए हम रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रहे

हैं, युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और भविष्य के लिए मजबूत कार्यबल तैयार कर रहे हैं।₹ उन्होंने कहा कि युवाओं की आकांक्षाएं, कौशल और क्षमता ही विकसित भारत की दिशा तय करती हैं। आने वाले वर्षों में भारत के युवा वैश्विक विकास, नवाचार और उद्यमिता को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के लिए सरकार ने 99,446 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को 15,000 रुपये तक की सहायता दी जाती है, जबकि उनके नियोक्ताओं को प्रति नए कर्मचारी पर प्रति माह 3,000 रुपये तक का प्रोत्साहन मिलता है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए संचालित इस योजना के तहत मिलने वाले लाभ की अवधि को चार वर्ष तक बढ़ा दिया गया है।

संबोधन की मुख्य बातें

- मैं कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से आया हूं और जी7 में विकसित देशों के दिग्गज नेताओं से मिला हूं दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। भारत के टैलेंट, स्किल और सशक्त की चर्चा सब दूर तक हो रही है।
- हमारी कोशिश है कि भारत का युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके और इसी सोच के साथ पीएम विकसित भारत रोजगार योजना शुरू हुई है। यह बहुत आगे बढ़कर पहली नौकरी पाने वाले युवा के सपनों को शक्ति देनी वाली योजना है।
- करीब 2 मिलियन युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर लिए हैं, और आज, इनमें से करीब 1 मिलियन युवाओं को अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे करने के बाद इस स्कीम के बेनिफिशियरी के तौर पर इंसेंटिव मिला है।

जलवायु परिवर्तन पर शोध को मिलेगी नई ऊंचाई

आईआईटीएम और एरीज के बीच हुआ करार अब क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन स्टेशन बनेगा

आईआईटीएम के निदेशक डॉ. राव और एरीज के निदेशक डॉ. नाजा ने हस्ताक्षर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे ने 1आर्यभट्ट अवलोकन विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एरीज), नैनीताल के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। यह ऑनलाइन माध्यम से किया गया। आईआईटीएम के निदेशक डॉ. ए. सूर्यचंद्र राव और

एरीज के निदेशक डॉ. मनीष कुमार नाजा ने हस्ताक्षर किए।इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन पर सहयोगात्मक शोध को बढ़ावा देना और मौसम संबंधी आंकड़ों, ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी होगी।

जलवायु प्रक्रियाओं की गहन समझ विकसित होगी

उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्र में स्थित देवस्थल अपनी स्वच्छ और प्राकृतिक वातावरणीय परिस्थितियों के कारण उन्नत वायुमंडलीय अध्ययन के लिए आदर्श स्थान माना जाता है। प्रदूषकों के परिवहन और हिमालयी क्षेत्र में जलवायु प्रक्रियाओं की गहन समझ विकसित की जा सकेगी। बीकाम पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत आईआईटीएम द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है।

देवकीनंदन ठाकुर का बड़ा बयान

जनसंख्या कानून आने तक हर हिंदू पैदा करे चार बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद जनसंख्या संतुलन की वकालत करते हुए कहा कि वे पिछले 5-7 सालों से लगातार एक ही बात कह रहे हैं। जब तक देश में सभी के लिए एक समान जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू नहीं हो जाता, तब तक हर सनातनी (हिंदू) को अपने परिवार में 4 बच्चे पैदा करने चाहिए। देश के सुरक्षित भविष्य के लिए यह कानून बेहद जरूरी है। हाल ही में हुए नीट पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी पर युवाओं का पक्ष लेते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए। योग्य युवाओं के हक और रोजगार के साथ ऐसा खिलवाड़ बिल्कुल नहीं होना चाहिए। कथावाचक ने कहा कि सरकार को तत्काल प्रभाव से तमाम मुफ्त की योजनाएं (फ्रीबीज) बंद कर देनी चाहिए। सरकार को केवल दो ही चीजें मुफ्त देनी चाहिए। पहली उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और दूसरा बेहतर इलाज। उन्होंने मांग की कि मंदिरों से मिलने वाले फंड का उपयोग अस्पताल बनाने के लिए किया जाना चाहिए ताकि देश में धन के अभाव में किसी भी बच्चे या नागरिक की जान न जाए।

- मंदिरों के पैसे से हो मुफ्त इलाज
- मुफ्त की योजनाएं तत्काल बंद हों

दिल्ली एयरपोर्ट पर 34 करोड़ से ज्यादा की हेरोइन पकड़ी गई

नई दिल्ली। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने बड़ी ड्रग्स तस्करी का मामला पकड़ा है। 16 जून को कुआलालंपुर से दिल्ली पहुंचे एक भारतीय यात्री को शक के आधार पर रोका गया। यात्री के दो ट्रॉली बैगों की जांच करने पर उनमें से सफेद पाउडर से भरे चार पैकेट मिले। जांच में यह पदार्थ हेरोइन निकला। बरामद हेरोइन का वजन करीब 6.9 किलोग्राम है। अधिकारियों के अनुसार, जब्त हेरोइन की कीमत लगभग 34.67 करोड़ रुपये है। कस्टम विभाग ने यात्री को एनडीपीएस कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया है। हेरोइन को भी जब्त कर लिया गया है।

महाराष्ट्र में पिज्जा खाने से 34 लोग बीमार हुए, उल्टी-पेट दर्द की शिकायत

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में एक फूड आउटलेट से शावरमा पिज्जा खाने के बाद 34 लोग बीमार पड़ गए। बीमार होने वालों में बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, लोगों ने पिज्जा खाया था। इसके बाद गुरुवार दोपहर से उन्हें पेट दर्द, उल्टी, चक्कर और दस्त जैसी शिकायतें होने लगीं। गुरुवार शाम से मरीज सरकारी अस्पताल पहुंचने लगे और यह सिलसिला शुक्रवार सुबह तक जारी रहा। कुल 34 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहत की बात यह है कि सभी मरीज खतरे से बाहर हैं। घटना के बाद पुलिस ने फूड आउटलेट के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमरनाथ यात्रा में सख्त रहेगी भक्तों की सुरक्षा

आगे-आगे चलेगा खोजी कुत्तों का दल, ऊपर उड़ेंगे ड्रोन

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के दौरान ओएफसी केबल्स, डीएमआर कम्युनिकेशन, दिन और रात निगरानी करने वाले कैमरों की मदद ली जाएगी। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक राज्य में लगभग पचास विदेशी दहशतगर्द और दर्जनों ओवर ग्राउंड वर्कर भी सक्रिय हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में तीन जुलाई से पवित्र अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने का फुलप्रूफ प्लान तैयार कर लिया है। केंद्रीय बलों के खोजी कुत्तों को यात्रा रूट पर लगाया जा रहा है। ये कुत्ते संदिग्ध सामान की जांच में विशेष सहयोग करते हैं। खोजी कुत्ते जमीन में चार फुट नीचे दबी विस्फोटक सामग्री खोज निकालते हैं। संदिग्ध व्यक्ति अगर इनकी नजर में आ जाए तो संबंधित केंद्रीय बल तक वह जानकारी पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं अगर यह किसी संदिग्ध गतिविधियों को देखते हैं तो हमला भी कर देते हैं।

एक कुत्ता पांच किमी फिर दूसरे की ड्यूटी शुरू

एक खोजी कुत्ता चार-पांच किलोमीटर का रास्ता तय कर यह सुनिश्चित करता है कि आगे की राह ठीक है। अगर कोई खतरा है तो खोजी कुत्ता उसे भांप लेता है। खोजी कुत्ते की सूंघने की क्षमता चार किलोमीटर दूरी तक होती है। उसके बाद कुत्ते को गाड़ी में बैठा दिया जाता है। दूसरे कुत्ते को ड्यूटी पर उतारा जाता है। इस प्रकार इस बार की यात्रा में सेना के दर्जनों कुत्ते पूरे मार्ग पर तैनात रहेंगे। अमरनाथ यात्रा के लिए जवाहर टनल से निकलने वाले दोनों रास्ते, पहलगाम और बालटाल के करीब दो सौ किलोमीटर लंबे रूट को यही खोजी कुत्ते क्लीयर करते रहे हैं। प्लास्टिक बैग या टिफिन बॉक्स में रखी विस्फोटक सामग्री तलाशने के लिए इन कुत्तों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। बता दें कि ये कुत्ते इतने प्रशिक्षित हैं कि अगर कोई यात्री निर्धारित रूट को छोड़कर दूसरे रूट में जाएगा तो ये उसको वहां से लौटा लाएंगे।

चीन की जिस लैब से फैला था 'कोरोना' उसे यूएस के टॉप साइंटिस्ट ने दिए थे पैसे

तुलसी गबार्ड ने किया बड़ा खुलासा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की पूर्व नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन एक ऐसा सनसनीखेज खुलासा किया है, जिसने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा दिया है। गबार्ड ने कुछ बेहद गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक करते हुए दावा किया है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के पूर्व चीफ मेडिकल एडवाइजर डॉ. एंथनी फाउची ने चीन की उसी वुहान लैब को फंडिंग दी थी, जिसे कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का केंद्र माना जाता है। तुलसी गबार्ड द्वारा सार्वजनिक किए गए गुप्त दस्तावेजों के अनुसार डॉ. एंथनी फाउची ने अमेरिकी करदाताओं के लाखों डॉलर चीन के वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी को ट्रांसफर किए थे। इस फंड का इस्तेमाल वुहान की लैब में चमगादड़ों के कोरोना वायरस पर बेहद खतरनाक गेन्स-ऑफ-फंक्शन (वायरस की ताकत बढ़ाने वाली) रिसर्च के लिए किया गया था। गौरतलब है कि डॉ. फाउची ने साल 2020 में बाइडेन सरकार की कोविड नियंत्रण रणनीति का मुख्य नेतृत्व किया था।

56 के हुए राहुल गांधी, खरगे और प्रियंका संग काटा केक

पीएम मोदी ने नेता प्रतिपक्ष को दी जन्मदिन की बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी 56 वर्ष के हो गए हैं। उनके जन्मदिन के इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने लिखा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री की इस बधाई के बीच देश भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राहुल गांधी शुक्रवार सुबह अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन पहुंचे, जहां उन्होंने लगातार तीसरे साल

कार्यकर्ताओं के बीच अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में केक काटा। प्रियंका गांधी ने इंस्टाग्राम पर 'हैप्पी बर्थ-डे माय स्वीट ब्रदर' लिखकर अपनी शुभकामनाएं साझा कीं, वहीं राहुल गांधी और खरगे ने एक-दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी।

चिंतन

पैदल चलने वालों की सुरक्षा हो प्राथमिकता

देशभर में हाइवे का बेहतरीन जाल लगातार बिछाया जा रहा है। अब एक शहर से दूसरे शहर में जाना आसान हो गया है। कई हाइवेज पर औसत गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक है। यानी 200 से 300 किलोमीटर तक का सफर ढाई से तीन घंटे में ही पूरा किया जा सकता है। यह नए भारत की बदलती तस्वीर है। हमारे एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन विश्वविख्यात हो गए हैं। छोटे-छोटे शहरों में भी एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। यह लोगों को नए-नए अनुभव दे रहे हैं, लेकिन शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर यानी आधारभूत ढांचा आज भी पुराने स्तर का ही है। एक शहर से दूसरे शहर में जाने के बाद सड़कों पर जाम, अनियंत्रित ट्रैफिक, फुटपाथों पर कब्जे और सड़कों के किनारे खड़ी रेहड़ियां ऐसा दृश्य उत्पन्न करती हैं कि 100 किलोमीटर की गति 10 किलोमीटर पर आकर ठहर जाती है। यह अनेक बार बड़े हादसों का कारण भी बनती हैं। सच्चाई यह है कि भारत के अधिकांश शहरों में पैदल चलना आज भी किसी चुनौती से कम नहीं है। फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, और जहां हैं वहां अतिक्रमण, रेहड़ियां, अवैध पार्किंग या निर्माण सामग्री का कब्जा है। नतीजा यह होता है कि पैदल यात्री सड़क पर चलने को मजबूर होते हैं और तेज रफ्तार वाहनों के बीच उनका जीवन हर पल खतरे में रहता है। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में पैदल चलने वाले और साइकिल सवार लोग अपनी जान गंवाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को बुनियादी अधिकार बताया है। शीर्ष कोर्ट का यह फैसला अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब इसका उल्लंघन हुआ तो जिम्मेदारों पर कड़ा एक्शन होगा। अब देशभर के निकायों व नगर निगमों को पैदल चलने वालों और शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर पर गंभीरता से विचार करना होगा। हमारे हाइवे कितने ही अच्छे हो जाएं, लेकिन जब तक शहर का इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर होगा, तब तक वह किसी भी रूप में लोगों के लिए सुविधाजनक नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास का अर्थ केवल वाहनों के लिए सड़कें बनाना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित आवागमन का अधिकार देना भी है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत देने वाला है। क्योंकि पैदल चलने वालों में सबसे ज्यादा हादसों का शिकार यही लोग होते हैं। विडंबना यह है कि भारत में सड़क निर्माण की योजना बनाते समय सबसे कम ध्यान पैदल यात्रियों पर दिया जाता है। शहरों में फ्लाईओवर, अंडरपास और चौड़ी सड़कें तो बनती हैं, लेकिन फुटपाथों की हालत दयनीय रहती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब जिम्मेदारी राज्य सरकारों, नगर निगमों और स्थानीय निकायों की है। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाना, अवैध पार्किंग पर सख्ती करना, सुरक्षित पैदल पार पथ बनाना और सड़क निर्माण योजनाओं में पैदल यात्रियों को प्राथमिकता देना अब विकल्प नहीं, बल्कि दायित्व है। साथ ही नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने की मानसिकता छोड़नी होगी। भारत अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है। यदि विकास को वास्तव में समावेशी बनाना है तो शहरों को केवल वाहनों के लिए नहीं, बल्कि लोगों के लिए बनाना होगा। हाइवे पर दौड़ती तेज रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब शहर की गलियों और सड़कों पर एक आम नागरिक सुरक्षित और सम्मानपूर्वक पैदल चल सके।



दिवस विशेष

अखिलेश आर्येन्दु

योग ध्यान से आध्यात्मिक पूंजी का निवेश

भारत सरकार ने योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इसका परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

दुनियाभर में विकास की एक ऐसी दौड़ जारी है, जो कहां पहुंच कर खत्म होगी, किसी को नहीं मालूम। हर कोई विकास की इस अंधी दौड़ में आगे निकल जाना चाहता है। जो सबसे आगे रहेगा, उसकी ही मनमानी और धौंस चलेगी। अमेरिका इसकी मिसाल है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि विकास की यह दौड़ लोगों की जिंदगी से सहजता, सरलता, सौम्यता, सज्जनता, स्वच्छता और मानवीय आदर्शों को अलग कर रही है। न सेहत का ध्यान और न संयम का। यानी जीवन असंयम और बिगड़ी सेहत के नाम हो गया है। समय और संयम दोनों की कमी ऐसी हो गई है कि लोगों को अपने बारे में सोचने की फुसर्त नहीं मिल रही है। वहीं दकरोड़ों ऐसे लोग हैं जो विकास की दौड़ में शामिल तो हैं, लेकिन उन सभी जरूरी अभिक्रियाओं को भी कर रहे हैं जिससे जिंदगी एकांगी न हो जाए। यह स्थिति पच्चीस साल पहले दुनिया भर में दिखाई देती थी। लेकिन समय बदला और भारत में पतंजलि के योगदर्शन को व्यावहारिक बनाने का एक बड़ा नाम जुड़ गया। भारत सरकार ने भी योग ध्यान के फायदे को देखते हुए देश-दुनिया को बाह्य और अंदर से सेहतमंद बनाने के लिए पहल शुरू की। इस पहल का परिणाम यह हुआ कि आज सारी दुनिया भारत के आर्थिक विकास की गति की ही नहीं, बल्कि योग ध्यान व अध्यात्म के जरिए विश्व में अहिंसा, नैतिकता, मानवता और शांति के पहल की भी मुराद हो गई है।

जब 2015 में 21 जून को भारत ने दुनिया को आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक या यौगिक विकास पर भी गौर करने के लिए प्रेरित किया, तो लोगों को महर्षि पतंजलि की धारा को आगे बढ़ाने वाले महर्षि दयानंद, स्वामी विवेकानंद, परमहंस स्वामी, महर्षि रमण और महर्षि अरविंद याद आ गए। यह एक तरह का दुनिया के दो सौ देशों में योग ध्यान के जरिए आध्यात्मिक पूंजी का निवेश जैसा था। दुनिया के सभी देशों ने भारत के इस आध्यात्मिक निवेश का दिल खोलकर स्वागत ही नहीं किया, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए खुद को तैयार किया और इसे सहज तरीके से स्वीकार भी कर लिया। पिछले बीस सालों में दुनिया में बहुत कुछ बदला है, जिसमें योग ध्यान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जिस तरह दुनियाभर की सरकारें और कंपनियां भारत में पूंजी निवेश करने के लिए आगे आईं हैं, उसी तरह भारत द्वारा किए गए योग ध्यान की आध्यात्मिक पूंजी के निवेश से सेहत के मामले में फायदा लिया है। आज हम यदि यह कहें कि शायद ही दुनिया का कोई देश हो जो भारत के इस आध्यात्मिक पूंजी को अपने देश के लोगों की जिंदगी के खुशहाली की पूंजी न बनाया हो, तो अतिश्योक्ति नहीं माना जाएगा। भारत सनातन से आध्यात्मिक, धार्मिक (मजहबी नहीं) और विज्ञानपरक और मूल्यवान साहित्य के क्षेत्र में दुनियाभर में जाना जाता रहा है, लेकिन 21वीं सदी (पिछले 12 वर्षों में) भारत ने नए सिरे से जिस तरह से आध्यात्मिक, नैतिक, मानव मूल्यों, सर्वहितकारी विचारों और कार्यों को लेकर दुनियाभर में एक चिंतन पैदा किया उससे उसकी सनातन धारा फिर से अविचल गति से आगे बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में जहां आर्थिक विकास और प्रगति के लिए ही सभी तरह की कवायदें चल रही हैं, वहीं भारत में योग और वेद के जरिए दुनिया

को सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया के मकसद से सब को सुखी, निरोग और नैतिक बनाने के कार्य में आगे बढ़ रहा है। दस वर्ष पूर्व जब योग दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ के माध्यम से मनाने की घोषणा हुई थी, तब से लेकर अब तक योग ध्यान और भारत का अध्यात्म तत्व दुनिया के लिए वरदान वनकर उभरा है।

भारत दुनिया में अपने सर्वोच्च आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक ज्ञान, अनुभव और कार्य के जरिए यह बताने और समझाने में लगा हुआ है कि महज भौतिक या आर्थिक उन्नति या आधुनिक विज्ञान की उन्नति से विश्व समाज में शांति, सौहार्द, न्याय, सहजता, पवित्रता, सुख, प्रेम, सत्य, अहिंसा और परमार्थ की अविरल धारा को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। इसलिए योग ध्यान, जप, तप और ईश्वरीय ज्ञान उतना ही जरूरी है जितना कि आर्थिक, वैज्ञानिक और सामाजिक उन्नति करना। योग एक व्यक्ति से अनंत को साधने, संवारने और निर्माण का साधन है। यह साधन भी और साध्य भी है। यानी इसके जरिए हम जिस परा-अपरा शक्ति को हासिल करना चाहते हैं, वह शक्ति इससे ही सहज तरीके से हासिल की जा सकती है। 21 जून यानी योग दिवस दुनिया के हर व्यक्ति को याद दिलाता है कि जिंदगी के लिए धन, सम्पत्ति, रिश्ते-नाते और सभी तरह की भौतिक उन्नति जितनी जरूरी है। उतनी ही जरूरी है सेहत, शांति, प्रेम, अहिंसक स्वभाव, न्याय और सौहार्द के प्रति अनुराग और मानव मूल्य के साथ ही उस परा शक्ति से मिलन की जिज्ञासा, जिससे यह सारी कायनात संचालित है। दुनिया को अब यह समझ में आने लगा है कि योग ध्यान और भारतीय अध्यात्म से ही जीवन में असली सुख या आनंद हासिल किया जा सकता है। भारत ने योग ध्यान के जरिए दुनिया को यह याद दिलाने की कोशिश की है कि जिंदगी में यदि संतुलन, सच्चा सुख-आनंद और शांति को बनाए रखना है तो योग ध्यान का अभ्यास उतना ही जरूरी है जितना की जिंदा रहने के लिए शुद्ध भोजन, साफ जल का संतुलित इस्तेमाल और श्वास लेना। जाहिर तौर पर ऋषि पतंजलि ने योगदर्शन के जरिए जिंदगी को हर तरह से खुशहाल और शांतिमय बनाए रखने के जरूरी सूत्र, सिद्धांत और नियम बता दिए हैं, जो बेहद रोचक, तर्कपूर्ण और विज्ञानपरक हैं। जिस तरह से योग जन-गण-मन के जीवन का आंदोलन बन गया, वह किसी युगांतरकारी चमत्कार से कम नहीं है। यह किसी युग पुरुष के जरिए विश्व समाज और मानव जीवन का कल्याण करने की ऐसी अमर गाथा है जिसे भारत का जन मानस ही नहीं, बल्कि विश्व समाज भी स्वीकार करता है कि योग के जरिए उनकी जिंदगी में नई तरह की बहार आई है। यह कौन स्वीकार नहीं करेगा कि विश्व समाज को योगमय और आयुर्वेदमय बनाने में योग ऋषि स्वामी रामदेव और बाल कृष्ण महाराज का सर्वाधिक योगदान है। दुनिया के दो सौ देशों में इस अनोखे और नियमबद्ध ज्ञान-विज्ञान को स्वामी ने अपने शिष्यों के जरिए दुनियाभर में पहुंचाने में जितना पुरुषार्थ किया है, वह अवर्णनीय है। यह है भारत की आध्यात्मिक विद्या या पूंजी का दुनियाभर में निवेश का परिणाम, जिससे दुनिया का हर व्यक्ति प्रभावित है और लाभ हासिल कर रहा है। योग दिवस हम सब को याद दिलाता है कि विकास की सरपट दौड़ लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि आतंरिक विकास के लिए दौड़ लगाना भी उतना ही जरूरी है। इस नजरिए से आज की पीढ़ी के लिए योग ध्यान की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा उपयोगी और फायदेमंद हो गई है। सोशल मीडिया के इस जमाने में जहां सब कुछ मोबाइल के एक छुअन से संभव हो रहा है, ऐसे में योग ध्यान और संयम की जरूरत कहीं ज्यादा हो गई है, जिसे रोजाना के अभ्यास या साधना के जरिए सहज रूप से हासिल किया जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

व्यक्तित्व

योगेंद्र माथुर

बच्चों के चरित्र निर्माण में बाल साहित्य की सशक्त भूमिका

किसी भी देश के स्वस्थ विकास के लिए यह आवश्यक है कि उसके लिए ऐसे नागरिक तैयार किए जाएं, जो लोकतांत्रिक समाज व मूल्यों में आस्था रखते हों और मानवीय उच्च संस्कारों से युक्त हों। ऐसे उच्च संस्कार युक्त नागरिकों का दैदिप्यमान व्यक्तित्व समाज व देश की पहचान को नई आभा प्रदान करता है। किसी भी व्यक्ति के संस्कार व चरित्र निर्माण की नींव बाल्यावस्था में ही पड़ जाती है। एक बच्चा अपनी उम्र की आरंभिक अवस्था में जैसा देखता-सुनता व पढ़ता है, उसी से उसका व्यक्तित्व निर्माण व भविष्य निर्धारित होता है। बच्चों के उजले चेहरे देश के सुंदर भविष्य के द्योतक होते हैं। इसलिए देश भविष्य को सुंदर व सुखद बनाने के लिए बच्चों का सर्वांगीण विकास आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। व्यक्तित्व निर्माण में सद साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान होता है। माता-पिता व गुरु के बाद पुस्तकें व सद साहित्य ही व्यक्ति का श्रेष्ठ मार्गदर्शक होता है। पहले दादा-दादी, नाना-नानी व घर के अन्य बुजुर्गों द्वारा बच्चों को देवी-देवताओं, राजा-महाराजाओं, पशु-पक्षियों व अन्य पौराणिक व ऐतिहासिक चरित्रों को आधार बनाकर सुनाई जाने वाली कथा-कहानियां शिक्षा का एक अहम अंग हुआ करती थीं, जो मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के बौद्धिक, नैतिक व मानसिक विकास में सहायक बनती थी। बाद में बाल साहित्य ने भी इसमें जगह बना ली। हममें से कई लोग और हमारे पहले व बाद की पीढ़ी के भी कई लोगों ने स्वस्थ बाल साहित्य से काफी कुछ सीखा है। जीवन में ज्ञान, बुद्धि, विनय, विवेक, दया, परोपकार, सत्य, सदाचार व अहिंसा जैसे जैसे उद्दात्त नैतिक मूल्यों, गुणों, आदर्शों व सिद्धांतों का महत्व पता चला और ये हमारे व्यक्तित्व निर्माण या विकास में अत्यंत सहायक बने। हमारे ऋषि-मुनि, धर्मग्रंथकार व नीति निर्धारणकर्ता अत्यंत दूरदृष्टा थे, जिन्होंने इंसान के मनोविज्ञान को समझकर ही धर्म व नीति अनुकूल संदेश उन तक पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों का सृजन किया। पिछले कुछ वर्षों में स्कूली शिक्षा में जो नवाचार प्रक्रिया अपनाई जाने लगी है, उनमें भी बच्चों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कथा-कहानियों को एक माध्यम बनाया रहा है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को शिक्षा देने के तरीके मनोरंजक होना चाहिए। मनोचिकित्सकों के अनुसार किसी भी बात को मनोरंजन के जरिये बच्चों के मस्तिष्क में आसानी से पहुंचाया जा सकता है। चित्रकथा इसका अधिक बेहतर माध्यम हो सकती है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि बच्चों को चित्रों के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, उसका प्रभाव उनके मस्तिष्क पर स्थायी छाप छोड़ता है। चित्रकथा देखने-पढ़ने के बाद बालक को अर्थ ग्रहण करने की ऐसी किसी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है, जैसा कि उसे किसी कहानी-कथा को सुनने या पढ़ने के बाद उसका अर्थ ग्रहण करने के दौरान गुजरना पड़ता है। इस दृष्टि से बोलते चित्रों का महत्व काफी बढ़ जाता है। अब इसे दुर्भाग्य कहा जाए या विडंबना कि आज का बच्चा टेलीविजन व वीडियो गेम की चकाचौंध में गुम होकर रह गया है। स्वस्थ बाल साहित्य से उनका दूर-दूर तक का नाता नजर नहीं आता। टेलीविजन का छोटा पर्दा हो या मोबाइल, बच्चों के स्वस्थ विकास में सहायक होने के बजाय सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने वाले माध्यम बन कर रह गए हैं। वर्तमान में छोटे पर्दे के अधिकांश कार्यक्रम या एनिमेशन फिल्में बच्चों में हिंसा, द्वेष व वैमनस्यता के भाव पैदा कर रही हैं और बच्चों के मन-मस्तिष्क पर आघात पहुंचा रही हैं। इससे कई सामाजिक व मनोवैज्ञानिक विकृतियां फैल रही हैं। बच्चों के स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ रहा है। इनमें मानवीय संवेदनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कोई जगह नजर नहीं आती। यही वजह है कि हमारे देश में बाल अपराधों की संख्या का ग्राफ दिन-ब-दिन ऊंचा उठता जा रहा है। हिंसा के साथ-साथ छोटे पर्दे व मोबाइल पर वीडियो फिल्मों आदि में प्रसारित अश्लीलता के ज्वार से किशोरावस्था में पहुंच चुके या पहुंच रहे बच्चों के कोमल मन गहरे से प्रभावित हो रहे हैं और उनकी मानसिकता व संवेदना दूषित हो रही है। यह अश्लीलता व सेक्स उन्हें न केवल लुभाने लगा है बल्कि कच्ची उम्र में ही वयस्कता के अनुभवों से 'तर' करने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में किशोरवय बच्चों द्वारा सहपाठी या साथी अथवा अन्य मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटनाएँ भी तेजी से बढ़ीं हैं। ठीक इसी तरह नशे की प्रवृति का विकास हो रहा है और कोमल पौधे पनपने से पहले मुरझा रहे हैं। ऐसे में बच्चों को टेलीविजन व मोबाइल द्वारा फैलाए जा रहे ऐसे सांस्कृतिक प्रदूषण से बचाने के लिए शिक्षाप्रद बाल साहित्य से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक ही नही अनिवार्य है। इस विषय मे गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन दर्शन

संकलित

दर्शन

भीतरी पराधीनता से मुक्ति

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

संकलित

प्रेरणा

जब मुंह खोलोगे ही नहीं, तो फंसोगे कैसे

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

राष्ट्र निर्माता के रूप में गृहणियों की भूमिका

जून 2026 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक निर्णय देते हुए गृहणियों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गृहणियों के योगदान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता कहना न केवल महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन का भी संकेत है। यह महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ ने सुनाया। दोनों न्यायाधीशों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गृहणियां केवल घर संभालने वाली महिलाएं नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। यह मामला वर्ष 2001 में पंजाब में हुई एक सड़क दुर्घटना से जुड़ा था। दुर्घटना में रेशमा नामक महिला की मृत्यु हो गई थी। उसके पति और बच्चों ने मुआवजे की मांग की थी। उच्च न्यायालय के बाद अब जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा, तो महिला के परिजनों को न्याय मिला।

- रश्मिका आहुजा, अंबाला

ट्रेंड

भारत का पक्ष

एथियन में जी- 7 समिट के दौरान मेरी कई उपयोगी बैठकें और बातचीत हुईं। मुझे गवर्नेंस और पॉलिसी बनाने के अहम मुद्दों पर भारत का पक्ष और प्रयास रखने का मौका मिला।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

आत्मनिर्भर भारत

डिफेंस सेक्टर में 'आत्मनिर्भर भारत' की मजबूत नींव सिर्फ बड़े हथियारों व प्लेटफार्म पर ही नहीं, बल्कि उनके पीछे काम करने वाले अहम पुर्जों पर टिकी है। यंत्र इंडिया इन्हीं 'बुनियादी उत्पादों' के जरिए देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर आत्म निर्भरता के लक्ष्य को गति दे रहा है।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

बीजेपी सरकार की मंशा

बीजेपी सरकार की मंशा है कि करापुर की ज़मीन बिल्डरों को सौंपकर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया जाए। करापुर के स्थानीय लोग अपने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज़ाद मैदान आना चाहते थे, लेकिन उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

निंदनीय हरकत

दूसरे राज्यों से अपराधियों को यूपी बुलाकर माहौल खराब करने की बीजेपी की हरकत बेहद निंदनीय है। सपा सांसद राजीव की कोशिशों से जनहित में "मऊ-आनंद विहार ट्रेन" शुरू की गई, लेकिन उद्घाटन के मौके पर माहौल तनावपूर्ण बना दिया गया।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

करंट अफेयर

भारत ने संरा में पाकिस्तान को 'भस्मासुर देश' दिया करार

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उसे 'भस्मासुर देश' करार दिया और कहा कि जब उसका 'अपना ही राक्षस उसे डसता है' तो वह हैरान रह जाता है। नयी दिल्ली ने बुधवार को यह बात इस्लामाबाद पर आतंकवादियों को ''पनाह देने, प्रशिक्षण देने और उनका इस्तेमाल करने'' का आरोप लगाते हुए कही। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कड़ी टिप्पणी तब की जब पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की वार्षिक रिपोर्ट पर हुई चर्चा के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। सिंह ने कहा, 'पाकिस्तान और ओआईसी की ओर से दिए गए संदर्भ के जवाब में भारत को उत्तर देने के इस अधिकार का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। हम पाकिस्तान के निराधार और दुर्भावनापूर्ण आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हम ओआईसी की ओर से जम्मू-कश्मीर के बारे में की गई बातों को भी पूरी तरह से खारिज करते हैं... साफ तौर पर कहें तो, जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। एकमात्र अनसुलझा मुद्दा भारतीय क्षेत्रों पर पाकिस्तान का अवैध कब्ज़ा और उनका वापस किया जाना है।'

ऑफ बीट

क्या सूर्य हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है

आज इस बात के बहुत ज़्यादा सबूत नहीं हैं कि प्राचीन लोग मानते थे कि सूरज की रोशनी ही बीमारी को ठीक कर सकती है। इसके बजाय, इस बात के ज़्यादा सबूत हैं कि वे ठीक होने के लिए सूरज की गर्मी का इस्तेमाल करते थे। एबर्स पेपीरस ईसा पूर्व 1500 साल के आसपास का प्राचीन मिस्र का चिकित्सा 'स्क्रॉल' है। इसमें ''नसों को लचीला बनाने'' के लिए मरहम बनाने की विधि दी गई है। यह मरहम शराब, प्याज, कालिख, फल और पेड़ के अर्क लोबान और लोहबान से बनाया गया था। इसे लगाने के बाद, व्यक्ति को ''सूर्य के प्रकाश में रखा जाता था।'' उदाहरण के लिए, खांसी के इलाज के लिए अन्य नुस्खों में विभिन्न सामग्री को एक बर्तन में डालकर धूप में रखना शामिल था। यही तकनीक चिकित्सा लेखन में भी है जिसका श्रेय यूनानी चिकित्सक हिप्पोक्रेट्स को दिया जाता है जिनका काल लगभग 450-380 ईसा पूर्व माना जाता है। लगभग 150 ई. में आधुनिक तुर्की में सक्रिय रहे चिकित्सक एरेटियस ने लिखा था कि सूर्य का प्रकाश सुस्ती सहित कई बीमारियों को ठीक कर सकता था। इसमें वह बीमारी भी है जिसे हम आज अवसाद के रूप में पहचानते हैं। सुस्ती मिटाने का अर्थ है प्रकाश में लेटना, सूर्य की किरणों के संपर्क में आना; तथा अपेक्षाकृत गर्म स्थान में रहना।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मैक्सिको नॉकआउट में जाने वाली पहली टीम

साउथ कोरिया को हराया

एजेंसी ▶▶| गुआडालाजारा

लुइस रोमो ने दक्षिण कोरिया की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गोल दागा, जिससे सह मेजबान मैक्सिको 1-0 से जीत हासिल करके मौजूदा विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मैच जब गोलरहित बराबरी पर चल रहा था तब खेल के 58वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलकीपर किम सेउंग-ग्यू और डिफेंडर ली गी-ह्युक के बीच टक्कर होने से गेंद पेनल्टी एरिया के अंदर छूट गई। रोमो के पास यह सुनहरा मौका था और उन्होंने गेंद को आसानी से खाली नेट में डालकर गोल कर दिया, जो बाद में निर्णायक साबित हुआ। यह उस टीम के लिए एक बड़ी जीत है, जो 2022 में ग्रुप चरण में जीत हासिल करने में नाकाम रही थी और अब उसने घरेलू मैदान पर उत्साहित दर्शकों के सामने दो बार जीत हासिल की है।

दर्शकों ने खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए

मैक्सिको के खिलाड़ियों ने मैदान पर जश्न मनाया जबकि दर्शकों ने एस्टाडियो एक्रोन के खचाखच भरे स्टेडियम में जयकारे लगाए और गीत गाए। खिलाड़ियों ने प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। दक्षिण कोरिया ने 87वें मिनट में लगभग बराबरी कर ली थी लेकिन मैक्सिको के गोलकीपर राउल रेंगल ने दो शानदार बचाव करके खतरे को टाल दिया था। उन्होंने पहले चो ग्वे-सुंग के करीब से किए गए हेडर को रोका और फिर रिबाउंड पर यांग ह्यून-जून के प्रयास को और भी बेहतर तरीके से नाकाम किया।

मैक्सिको के फैंस ने खचाखच भरे स्टेडियम में टीम के सपोर्ट में लगाए नारे

मंजांबी ने लगाया वॉली शॉट, दागा पहला गोल

स्विट्जरलैंड ने बोस्निया हर्जेगोविना को हराया

इंगलवुड। स्थानापन्न खिलाड़ी योहान मंजांबी के दो गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने विश्व कप फुटबॉल की ग्रुप बी के मैच में बोस्निया-हर्जेगोविना पर 4-1 से जीत शानदार जीत हासिल की। मंजांबी ने मैदान पर उतरने के तीन मिनट बाद ही मैच के 74वें मिनट में एक शानदार वॉली शॉट लगाकर विश्व कप में अपना पहला गोल किया। यह स्विट्जरलैंड का मैच में पहला गोल भी था। इसके बाद उसने गोल की झड़ी लगाकर ग्रुप बी में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बोस्निया के टैरिक मुहारेमोविच को खतरनाक टैकल के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण उसकी टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिसका स्विट्जरलैंड ने पूरा फायदा उठाया। रुबेन वर्गास ने इसके कुछ देर बाद 84वें मिनट में स्विस टीम के लिए दूसरा गोल किया। मंजांबी ने वर्गास के पास पर 90वें मिनट में फिर से गोल किया, जबकि कप्तान ग्रैनिट जाका ने इंजरी टाइम के सातवें मिनट में पेनल्टी पर से गोल दागकर अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस बीच एर्मिन महमिच ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बोस्निया के लिए गोल किया।

डेविड ने लगाई हैट्रिक कनाडा की पहली जीत

कतर को 6-0 से दी करारी शिकस्त

वैंकूवर। जोनाथन डेविड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच हैट्रिक लगाई, जिससे कनाडा ने कतर को 6-0 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की और नॉकआउट राउंड में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित कर ली। कतर के दो खिलाड़ियों को लाल कार्ड मिले, जिससे उसकी टीम 9 खिलाड़ियों तक सिमट गई। कनाडा की टीम ने इसका पूरा फायदा उठाया। होमन अहमद को पहले हाफ (33वें मिनट) में ही ताजोन बुकानन पर फाउल करने के लिए मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में ही असीम मदीबो (51वें मिनट) को इस्माइल कोने पर फाउल करने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। उन्होंने कोने के बाएं पैर के निचले हिस्से में चोट पहुंचाई थी जिससे कनाडा के खिलाड़ी को मैदान से बाहर ले जाया गया।

मोकोएना ने पेनल्टी को गोल में बदला

द.अफ्रीका ने चेक गणराज्य के खिलाफ खेला ड्रॉ

अटलांटा। तेबोहो मोकोएना ने आखिरी क्षणों में पेनल्टी को गोल में बदलकर न सिर्फ दक्षिण अफ्रीका को हार से बचाया बल्कि चेक गणराज्य के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराकर विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ए में उसे एक महत्वपूर्ण अंक भी दिलाया। मोकोएना ने मैच में आंखों में आंसू लिए खेल शुरू किया और चेहरे पर मुस्कान के साथ खेल समाप्त किया। मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में छठे मिनट में मिखाल सादिलेक ने चेक गणराज्य को बढ़त दिलाई। अलेक्जेंडर सोज्का ने सादिलेक को पास दिया और उन्होंने गोलकीपर रोनवेन विलियम्स को चकमा देते हुए गोल दाग दिया। चेक गणराज्य जब जीत की तरफ बढ़ रहा था तब थापेलो मासेको का लंबी दूरी का शॉट पेनल्टी एरिया में चेक प्रतिद्वंद्वी पावेल सुल्क के हाथ को स्पर्श कर गया। मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान आंसू बहाते हुए दिखाई देने वाले मोकोएना ने 83वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट पर कदम रखा और चेक गणराज्य के गोलकीपर मातेज कोवर के पास निचले हिस्से में शॉट मारकर गोल कर दिया।

खबर संक्षेप

इनियन ने जीता ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब

मुंबई। ग्रैंडमास्टर इनियन पा ने अपनी शीर्ष रैंकिंग के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए शुरू से लेकर अंत तक दबदबा बनाकर ग्लोबल चेस फेस्टिवल का खिताब जीत लिया। चौबीस साल के राष्ट्रीय चैंपियन इनियन ने अंतिम दौर में अजय संतोष पर्वतरेड्डी के साथ ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए खिताब जीता। उन्हें 8 लाख रुपए की इनामी राशि मिली। इनियन ने प्रतियोगिता में अजेय रहते हुए 7.5 अंक के साथ खिताब जीता। बोरिस सावचेंको ने अंतिम दौर में आकाश शरदचंद्र दाल्वी के साथ ड्रॉ खेलकर 6.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। नितिन बाबू ने चैलेंजर बर्ग जबकि माधवेंद्र प्रताप शर्मा ने जूनियर मास्टर्स वर्ग का खिताब जीता।

'स्पार्क' ने किया ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई

मुंबई। भारत के ट्रैकमेनिया खिलाड़ी कुणाल उप्रेती (स्पार्क के नाम से मशहूर) ने एशिया और ओसनिया क्वालीफायर के जरिए जगह बनाकर ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया, जिससे वह इस रेसिंग खिताब में देश के अकेले प्रतिनिधि हैं। ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 19 से 22 अगस्त तक होगा, जिसमें दुनिया के 32 शीर्ष खिलाड़ी 500,000 अमेरिकी डॉलर (4.7 करोड़ रुपए) की कुल पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। स्पार्क भारतीय ईस्पोर्ट्स संस्थान एस8यूएल के उन तीन ट्रैकमेनिया खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के पहले चरण के लिए जगह बनाई है।

आज दोपहर 1.30 बजे से अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरा वनडे

'सुपर सैटरडे' : क्लीन स्वीप पर भारत की नजर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पहले दो मैच में धमाकेदार जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी, जिसमें केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। राहुल की वनडे टीम में जगह को लेकर कभी कोई संदेह नहीं रहा है, लेकिन जायसवाल शीर्ष क्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अपनी जगह पक्की करने के लिए बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। जायसवाल ने 2025 के बाद वनडे टीम में वापसी की है लेकिन वह लखनऊ में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच में केवल चार रन ही बना पाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इससे पहले, जो आखिरी वनडे खेला था उसने उन्होंने विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 116 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद स्थिति काफी बदल गई है और अब ईशान किशन की वापसी ने शीर्ष क्रम में एक और दावेदार को जोड़ दिया है।

राहुल का 5वें नंबर पर प्रदर्शन अच्छा

राहुल का मामला बिल्कुल अलग है। लंबे अंतराल के बाद भारतीय टीम में अय्यर की वापसी का मतलब है कि 34 वर्षीय राहुल को अब अधिकतर मौकों पर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करनी होगी। राहुल लंबे समय तक पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने इस पोजीशन पर अच्छा प्रदर्शन भी किया है। उन्होंने पांचवें नंबर पर खेलते हुए 38 मैचों में 63.2 के औसत से 1517 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। इसके विपरीत छठे नंबर पर उन्होंने 15 मैचों में 41.5 की औसत से 332 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है।

राणा खेलेंगे तीसरा वनडे

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को घुटने की चोट से उबरने के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने यह घोषणा की। राणा टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके दाहिने घुटने के नीचे की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और जिसके बाद फरवरी में उनकी सर्जरी हुई थी। वह इस कारण टी20 विश्व कप और इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं खेल पाए थे। राणा शनिवार को होने वाले श्रृंखला के अंतिम मैच से पहले टीम के साथ जुड़ गए हैं।

दोहा डायमंड लीग : 85.69 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

श्रीलंका के रुमेश पथिरागे ने 88.68 मीटर थ्रो कर जीता गोल्ड

ये रहे टॉप 3 खिलाड़ी

1. रुमेश पथिरागे (श्रीलंका) - 88.68 मीटर
2. एंडरसन पीटर्स (ग्रेनाडा) - 86.38 मीटर
3. कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका) - 85.99 मीटर

कतर। कतर में हुए दोहा डायमंड लीग 2026 में पानीपत के नीरज चोपड़ा 85.69 मीटर थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। श्रीलंका के रुमेश पथिरागे 88.68 मीटर के शानदार थ्रो के साथ टॉप पर रहे। टूर्नामेंट में नीरज की शुरुआत खराब रही और उनका पहला थ्रो फाउल हो गया, लेकिन तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने वापसी की, लेकिन श्रीलंका के रुमेश पथिरागे के थ्रो से आगे नहीं निकल पाए। नीरज का बेस्ट थ्रो 85.69 मीटर का रहा। नीरज अपने दूसरे प्रयास में 82.77 मीटर का थ्रो करने में सफल रहे, जिससे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए उनका क्वालिफिकेशन पक्का हो गया। बता दें कि नीरज ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की थी। इससे पहले वे सितंबर 2025 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में कॉम्पिटिशन में शामिल हुए थे।

श्रेयांका विश्व कप से बाहर, प्रेमा को मौका

लीड्स। ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल टखने की चोट के कारण महिला टी20 विश्व कप से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह लेग स्पिनर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया है, जिन्होंने अभी तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। 23 वर्षीय पाटिल बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ भारत की 95 रन की जीत के दौरान चोटिल हो गई थी। यह घटना पावरप्ले के आखिरी ओवर में हुई जब पाटिल को गेंद को रोकने की कोशिश में चोट लग गई। इससे उनके टखने में मोच आ गई।

रावत पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल

24 वर्षीय रावत को पहली बार सीनियर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। वह महिला प्रीमियर लीग के दो सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए छह मैच खेल चुकी हैं। रावत उस भारत ए टीम का हिस्सा थी, जिसे इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को नॉर्थम्प्टन में पहले टी20 मैच के साथ शुरू होने वाली छह मैचों की श्रृंखला खेलनी है। उन्होंने राइजिंग स्टार्स महिला एशिया कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने 4.27 की इकॉनमी रेट से आठ विकेट लिए थे और भारत ए ने खिताब जीता था।

मकाऊ ओपन

सेमीफाइनल में अश्मिता किम को 37 मिनट में हराया

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने चोट से उबरने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कोरिया की किम मिन सन को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। असम की 26 वर्षीय खिलाड़ी अश्मिता ने विश्व की 99वें नंबर की खिलाड़ी किम को 37 मिनट में 21-16, 21-18 से हराया। चोटिल होने के कारण वह तीन महीने तक खेल से बाहर रही थी और उन्होंने मई में वापसी की थी। वहीं अनमोल खरब क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

अश्मिता का अगला मुकाबला यून से

इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिता में यह अश्मिता का पहला सेमीफाइनल होगा। वापसी के बाद से उन्होंने चाइना मास्टर्स सुपर 100 और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 प्रतियोगिताओं में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। विश्व की 63वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता फाइनल में जगह बनाने के लिए कोरिया की पार्क गा यून का सामना करेगी।

अश्मिता और किम के बीच कांटे का मुकाबला

पहले गेम में अश्मिता और किम के बीच कांटे का मुकाबला हुआ और एक समय स्कोर 14-14 से बराबर था। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार चार अंक हासिल किए और फिर यह गेम अपने नाम कर दिया। अश्मिता दूसरे गेम में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई और किम ने 8-2 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि वापसी का शानदार नमूना पेश किया और अंतर को 16-18 तक कम कर दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक जीतकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

51 किलोग्राम भारवर्ग में विश्व चैंपियन को हराकर पदक किया पक्का

विश्व मुक्केबाजी कप : रोहतक की मीनाक्षी ने चीन में गाड़ा झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

चीन में आयोजित हो रहे विश्व बॉक्सिंग कप से भारत की बॉक्सर मीनाक्षी हुड्डा ने पकद पक्का कर लिया है। 51 किलोग्राम भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही मुक्केबाज मीनाक्षी हुड्डा ने रिंग में अपना दबदबा कायम रखते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मीनाक्षी 48 किलोग्राम में दुनिया की नंबर एक की बॉक्सर है। इस प्रतियोगिता में 51 किलोग्राम में भाग ले रही है। ओलंपिक में 48 किलोग्राम भारवर्ग होने की वजह से मीनाक्षी को

भारवर्ग बदलना पड़ा। पुरुषों की प्रतियोगिता में दीपक (70 किलोग्राम) ने अजरबैजान के नबी इस्गंदारोव को 5-0 से हराया, जबकि निखिल (55 किलोग्राम) ने भी अजरबैजान के अमीन मम्मादजादा के



खिलाफ शानदार 5-0 की जीत के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। 57 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही प्राची ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे की शि यी वू को 4-1 के फैसले से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इनके अलावा ज्योति (48 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) पहले ही सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए दो पदक पक्के कर चुके हैं। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर दो बॉक्सर को हराया है। कोच विजय हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया। मीनाक्षी का सेमीफाइनल मैच शनिवार को होगा।

विश्व चैंपियन और नंबर-2 बॉक्सर को चटाई धूल

क्वार्टर फाइनल का यह मुकाबला किसी महामुकाबले से कम नहीं था। मीनाक्षी के सामने दुनिया की नंबर-2 मुक्केबाज, दो बार की विश्व चैंपियन और तीन बार की एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की दिग्गज खिलाड़ी अलुआ बाल्कीबेकोवा की चुनौती थी। अलुआ को महिला बॉक्सिंग की सबसे चतुर और अनुभवी मुक्केबाजों में गिना जाता है। लेकिन, रोहतक की इस धाकड़ बेटी ने अपने आक्रामक खेल, शानदार फुटवर्क और सटीक पंचों के दम पर अलुआ को चारों खाने चित कर दिया।

रुड़की से वैश्विक मंच तक का सफर

रोहतक जिले के रुड़की गांव की रहने वाली मीनाक्षी हुड्डा की इस कामयाबी से न सिर्फ उनके पैतृक गांव, बल्कि पूरे हरियाणा और देश में जश्न का माहौल है। हरियाणा की मिट्टी वैसे भी देश को कई महान मुक्केबाज और पहलवान दे चुकी है, और अब मीनाक्षी उसी विरासत को वैश्विक पटल पर एक नए मुकाम पर ले जा रही हैं। सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के बाद अब मीनाक्षी हुड्डा की नजरें पदक का रंग बदलने यानी स्वर्ण पदक पर टिकी हुई हैं।

खबर संक्षेप

पहली बिना लेन वाली निर्बाध टोल प्रणाली शुरू

नई दिल्ली। एनएचएआई ने एनएचच-48 के दिल्ली-जयपुर खंड पर स्थित दौलतपुरा टोल प्लाजा में राजस्थान की पहली बहु-लेन निर्बाध परिवहन यानी

बिना लेन वाली टोल प्रणाली शुरू की है। यह प्रणाली नंबर प्लेट की स्वचालित पहचान तकनीक को फास्टैग से जोड़ती है, बिना रुके टोल संग्रह हो जाता है। एनएचएआई के अनुसार, इस तकनीक से टोल स्थलों पर प्रतीक्षा समय खत्म होगा, ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण भी घटेगा। दौलतपुरा के बाद अब शाहजहांपुर और मनोहरपुर टोल प्लाजा को भी इस प्रणाली में बदला जाएगा।

छह वर्षीय बच्चे की हत्या , मां गिरफ्तार

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में प्रेम संबंधों में बाधा बनने पर छह

वर्षीय बालक की हत्या कराने के आरोप में उसकी मां को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिजीत कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में महिला का प्रेमी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान में महिला के प्रेमी ने स्वीकार किया कि उसकी और महिला गुरप्रीत कौर के प्रेम संबंधों में यह बालक बाधा बन रहा था, इसी वजह से उसने उसकी हत्या कर शव को हस्तिनापुर क्षेत्र के जंगल में छिपा दिया था।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का और बल बढ़ेगा

नागपुर में बनेगी एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस रक्षा, मिसाइल, स्पेस क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

यह नई प्रेस देश की सबसे उन्नत सुविधाओं में शामिल होगी। इसके जरिए रक्षा प्रणालियों, एयरोस्पेस, विमानन संरचनाओं, मिसाइल कार्यक्रमों, रेलवे और परिवहन क्षेत्र के लिए बड़े और जटिल एल्यूमिनियम मिश्र धातु प्रोफाइल तैयार किए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नागपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जो राष्ट्र अपनी जरूरतों को खुद पूरा करने में सक्षम होता है, वही अपने हितों की सुरक्षा के लिए सबसे अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। उन्होंने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ नागपुर स्थित ऑर्डनेंस फैक्ट्री अंबाझरी में यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की अत्याधुनिक 10,000 टन एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि यह एक्सट्रूजन प्रेस देश की उस सोच का प्रतीक है, जिसमें भारत आयात पर निर्भर रहने के बजाय अब महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों का घरेलू उत्पादन कर रहा है। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में सुरक्षा से जुड़ी जरूरतों पर आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है। यह नई प्रेस देश की सबसे उन्नत सुविधाओं में शामिल होगी। इसके जरिए रक्षा प्रणालियों, एयरोस्पेस, विमानन संरचनाओं, मिसाइल कार्यक्रमों, रेलवे और परिवहन क्षेत्र के लिए बड़े और जटिल एल्यूमिनियम मिश्र धातु प्रोफाइल तैयार किए जाएंगे। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी और घरेलू सप्लाई चेन मजबूत होगी।

स्वदेशी एल्यूमिनियम मिश्र धातु निर्माण पर जोर

3 साल में रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 3 लाख करोड़

रक्षा मंत्री राजनाथ और सीएम देवेंद्र फडणवीस

विमान, मिसाइल, स्पेस में खास धातु जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा कि आधुनिक लड़ाकू विमान, मिसाइल और अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए ऐसे धातुओं की जरूरत होती है जो हल्के भी हों और बेहद मजबूत भी। यदि धातु की गुणवत्ता बेहतर होगी तो वह हर परिस्थिति में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारत में बने उपकरणों की बड़ी भूमिका रही। ऐसे में रक्षा क्षेत्र में मजबूत हार्डवेयर निर्माण को बढ़ाना जरूरी है ताकि सेना की ताकत और बढ़ सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है, दुश्मन की पहचान कठिन हो रही है, लेकिन पारंपरिक युद्ध और उससे जुड़े साधनों की अहमियत अभी भी उतनी ही है जितनी 1947 में थी और 2047 में भी बनी रहेगी। ऐसे में मजबूत सैन्य-औद्योगिक ढांचे की आवश्यकता लंबे समय तक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत विजन को पूरा करने के लिए तकनीक, कुशल मानव संसाधन, ज्ञान और राष्ट्र पर विश्वास जैसे चार प्रमुख स्तंभों पर काम कर रही है।

ओएफबी का उत्पादन और निर्यात बढ़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड (ओएफबी) का कॉरपोरेटाइजेशन बदलते समय और नई तकनीकों को देखते हुए किया गया था, ताकि संस्थाएं अधिक मजबूत और चुस्त बन सकें। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेटाइजेशन से पहले 2019-20 में ओएफबी का उत्पादन 12,755 करोड़ रुपए था, जो अब बढ़कर 2025-26 में 26,282 करोड़ रुपए हो गया है। रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी यह आंकड़ा 81 करोड़ रुपए बढ़कर 4,561 करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें वाईआईएल का योगदान 397 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट और पूंजी निवेश किसी भी औद्योगिक इकाई को आगे बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनरी और नई तकनीकों में निवेश से उत्पादन प्रक्रिया तेज होती है, गुणवत्ता बेहतर होती है और संपूर्ण प्रणाली अधिक आधुनिक व प्रभावी बनती है।

रक्षा क्षेत्र में हो रही प्रगति

इस मौके पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह एल्यूमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम है। दुनिया अब भारत के रक्षा क्षेत्र की प्रगति को पहचान रही है और भारत वैश्विक रक्षा बाजार में एक बड़े निर्यातक के रूप में उभर रहा है। देवेंद्र फडणवीस ने ऑपरेशन सिंदूर को नए भारत की तकनीकी क्षमता का शानदार उदाहरण बताया और कहा कि यह परियोजना नागपुर समेत पूरे क्षेत्र को रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी।

यूएन में भारत की पाकिस्तान को दो टूक

सिंधु जल समझौता अब पुराना, आतंक फैलाने वाले सहयोग की उम्मीद न रखें

अनुपमा सिंह

पाकिस्तान अपने यहां आतंकियों को ट्रेनिंग दे रहा

एजेंसी ▶▶ जिनेवा

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को आज के समय के हिसाब से पुराना और बेकार बताया है। भारत ने साफ शब्दों में कहा कि जो देश आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति की तरह इस्तेमाल करता है, वह दोस्ती और सहयोग के फायदों की उम्मीद नहीं कर सकता।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की सचिव अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के आरोपों का कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौते पर भारत का रुख बिल्कुल साफ है। यह तर्क से परे है कि एक तरफ पाकिस्तान आतंक का निर्यात करता है और दूसरी तरफ सद्भावना पर टिके समझौते का लाभ चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 1960 में हुई यह संधि अब पुरानी पड़ चुकी है।

पाक चरमपंथियों को पोषित कर रहा

सचिव अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान को अपने आंतरिक मुद्दों पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय क्षेत्रों पर नजर डालने के बजाय अपने घर की हालत सुधारनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को 'फ्रेंकेंस्टीन स्टेट' करार दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान खुद चरमपंथी समूहों को पालता है और जब वही राक्षस उसे काटते हैं, तो वह हैरान हो जाता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री खुद आतंकियों को ट्रेनिंग देने की बात गर्व से स्वीकार करते हैं, फिर भी पाकिस्तान खुद को आतंकवाद का पीड़ित बताता है। यह पाकिस्तान का दोहरा चेहरा है। भारतीय राजनयिक ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन के बयानों को भी पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का दुष्प्रचार उसकी अपनी घरेलू नाकामियों को छिपाने की एक कोशिश है।

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा रहेगा

भारत ने फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। अब केवल एक ही मुद्दा बचा है और वह है पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले भारतीय इलाकों को मुक्त कराना। पाकिस्तान की पुरानी चालें अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर काम नहीं आएंगी। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इस हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को तब तक के लिए रोक दिया है, जब तक पाकिस्तान सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता।

गहरा रहा इबोला का खतरा

कांगो में अब तक 232 मौतें, 896 संक्रमित, निगरानी में 6367 लोग

एजेंसी ▶▶ किंशासा

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इबोला वायरस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि देश में इबोला के मामलों की संख्या अब 896 हो गई है। इस खतरनाक बीमारी ने अब तक 232 लोगों की जान ले ली है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को इटुरी और नॉर्थ किवू प्रांतों में इबोला के 21 नए मामले सामने आए, जिनमें 6 लोगों की मौत हो गई। यह प्रकोप अब पूर्वी कांगो के तीन प्रांतों- इटुरी, नॉर्थ किवू और साउथ किवू

के 33 स्वास्थ्य क्षेत्रों तक फैल चुका है। वर्तमान में 383 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं या उन्हें अलग रखा गया है। 78 मरीज इस बीमारी से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। बुधवार को ही 151 संदिग्ध मामले भी दर्ज किए गए, जिनमें 35 मौतें शामिल हैं। अधिकारी अब उन 6,367 लोगों की कड़ी निगरानी कर रहे हैं जो मरीजों के संपर्क में आए थे।

ट्रंप पर भड़की इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी

- मैं और मेरा देश इटली कभी भीख नहीं मांगते

रोम। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के बीच जबर्दस्त भिड़ंत हो गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि मेलोनी ने उनसे जी7 सम्मेलन के दौरान फोटो के लिए भीख मांगी थी। वह फोटो खिंचवाने के लिए तैयार हो गए। ट्रंप के इस दावे को लेकर जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि मैं और मेरा देश इटली, कभी भीख नहीं मांगते। मेलोनी ने कि ट्रंप का बयान पूरी तरह से फैब्रिकेटेड हैं। मैं इसको लेकर बहुत ज्यादा हैरान हूं। इस घटना के बाद इटली के विदेश मंत्री ने अमेरिका की यात्रा रद्द कर दी है।

कतर से आई 62,370 मीट्रिक टन गैस

3 माह के इंतजार बाद हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचा टैंकर 'दिशा'

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

तीन महीने से अधिक समय के इंतजार के बाद एलएनजी टैंकर 'दिशा' सफलतापूर्वक हॉर्मुज स्ट्रेट पार करते हुए गुजरात के दहेज एलएनजी टर्मिनल पहुंच गया। शुक्रवार सुबह करीब 7:32 बजे टैंकर ने दहेज टर्मिनल पर पहुंचकर अपनी यात्रा पूरी की। मध्य-पूर्व में जारी भू-राजनीतिक तनाव और समुद्री सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बीच इस जहाज का सुरक्षित आगमन भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वेसल ट्रैकिंग जानकारी के अनुसार, 'दिशा' ने सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा पूरी करते हुए दहेज एलएनजी टर्मिनल तक पहुंच बनाई है। 'दिशा' टैंकर कतर के रास लाफान

एलएनजी टर्मिनल से 62,370 मीट्रिक टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) लेकर रवाना हुआ था। हालांकि, क्षेत्रीय परिस्थितियों और सुरक्षा संबंधी अनिश्चितताओं के कारण जहाज को गल्फ क्षेत्र में लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। , जिससे इसकी यात्रा में काफी देरी हुई। यह टैंकर शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम द्वारा संचालित किया जा रहा है।

वैश्विक चिप उद्योग 800 अरब डॉलर का

निर्माण उद्योग में 10 लाख पेशेवरों की कमी देश युवाओं को चिप डिजाइन में दे रहा ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग लगभग 10 लाख पेशेवरों की कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर है और देश इस क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाला प्रमुख केंद्र बन सकता है। पटना स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) केंद्र में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का वर्तमान आकार लगभग 800 अरब डॉलर है और अगले एक वर्ष के भीतर इसके 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की संभावना है।

2032 तक होंगी 20 लाख नई नौकरियां

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2032 तक वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में लगभग 10 लाख नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। वहीं उद्योग को करीब 10 लाख कुशल पेशेवरों की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए दो प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा – सेमीकंडक्टर डिजाइन और सेमीकंडक्टर निर्माण। सरकार चिप डिजाइन के साथ यह सुनिश्चित कर रही है कि भारतीय छात्र दुनिया के सबसे बेहतर प्रशिक्षित पेशेवरों में शामिल हों।

75 हजार छात्रों को मिला अवसर

वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से अब तक लगभग 75 हजार छात्रों को आकर्षक अवसर मिल चुके हैं। हमारा लक्ष्य इस संख्या को 75 हजार से बढ़ाकर 5 लाख छात्रों तक पहुंचाना है। भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं।

नौसेना की ताकत मजबूत करेंगे नए शिप

तीन युद्धपोत आज होंगे कमीशन

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना देश में बने प्रथम पंक्ति के तीन युद्धपोतों दूनागिरी, संशोधक और अग्रय को 21 जून 2026 को कोलकाता में कमीशन करने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण समारोह की अध्यक्षता पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। ये जहाज समुद्री युद्ध, हाइड्रोग्राफिक सर्वे और एंटी-सबमरीन वॉरफेयर (पनडुब्बी-रोधी युद्ध) में अहम परिचालन क्षमताएं दिखाते हैं। ये युद्धपोत क्षमता विकास, ब्लू-वॉटर ऑपरेशन्स को मजबूत करने, समुद्री क्षेत्र की जानकारी बढ़ाने और बदलते खतरों से तटीय इलाकों को सुरक्षित रखने के प्रति नौसेना के संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

दूनागिरी युद्धपोत

घोड़ा गाड़ी दुर्घटना में भारतीय किशोर की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में स्थित सेंट्रल पार्क में घोड़ा गाड़ी की चपेट में आने से 18 साल के



एक भारतीय युवक रोमांच महाजन की मौत हो गई। रोमांच अपने परिवार के साथ पहली बार न्यूयॉर्क घूमने गए थे। जानकारी के मुताबिक, भारतीय परिवार घोड़ा गाड़ी में बैठकर घूम रहा था। इसी दौरान, गाड़ी का ड्राइवर परिवार की फोटो खींचने के लिए रुका। तभी अचानक घोड़ा बेकाबू हो गया और तेज रफ्तार से दौड़ने लगा। रोमांच की मां प्रिया महाजन चलती गाड़ी से नीचे गिर गईं। अपनी मां को गिरता देख रोमांच उन्हें बचाने के लिए तुरंत चलती गाड़ी से नीचे कूद गया।

भारत की घेराबंदी से परेशान चीन ने बांग्लादेश पर बनाया दबाव

जे-10सीई फाइटर जेट के लिए जल्द करेगा एमओयू पर साइन

इंफो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश जल्द ही चीन से 20 जे-10सीई मल्टीरोल फाइटर जेट खरीद सकता है। इस सौदे को लेकर दोनों देशों में बातचीत अंतिम चरण में है। जे-10सीई वही फाइटर जेट है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ किया था। पाकिस्तान और चीन दावा करते हैं कि जे-10सीई लड़ाकू विमान ने भारत के राफेल को मात दी थी। इसे क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के तौर पर देखा जा रहा है।

चीन का लड़ाकू विमान जे10-सीई

10 साल में चीन को भुगतान करेगा बांग्लादेश

इस खरीद के लिए 10 साल में किश्तों में भुगतान किया जाएगा और 2026 से 2027 के बीच विमानों की डिलीवरी होने की उम्मीद है। इससे बांग्लादेश अपने टैक्टिकल एविएशन बेड़े को आधुनिक बना सकेगा। जे-10सीई एक 4.5-जेनरेशन फाइटर प्लेटफॉर्म है। यह एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे रडार, आधुनिक डेटा लिंक, बियॉन्ड-विजुअल-रेंज मिसाइल इंटीग्रेशन और नेटवर्क-सेंट्रिक कॉम्बैट क्षमता से लैस है।

सौदे की अनुमानित लागत 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर

इस सौदे की अनुमानित लागत 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर है। इसमें लड़ाकू विमान, लॉजिस्टिक, ट्रेनिंग, मेंटेनेंस और लंबे समय तक मेंटेनेंस सपोर्ट शामिल है। इससे भारत की संवेदनशील पूर्वी सीमा के ठीक पास चीन की रक्षा-औद्योगिक मौजूदगी भी बढ़ेगी। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद सत्ता में आई मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने चीन के साथ डील की थी। यह बांग्लादेश की बाहरी सुरक्षा प्राथमिकताओं में बड़े बदलाव का संकेत है।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर फिर बढ़ा तनाव, नो मैंस लैंड में भेजे बांग्लादेशी

भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने दावा किया है कि उसने गुरुवार रात को भारत की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की पुश-इन की कोशिश को नाकाम कर दिया है। बीजीबी ने अपने दावे में कहा है कि बीएसएफ चार लोगों को मेहरपुर के खालपारा इलाके में बुरिपोटा बॉर्डर पोस्ट के जरिए बांग्लादेश में धकेलने की कोशिश कर रही थी। एक पुरुष और तीन महिलाओं वाला यह समूह अब इंटरनेशनल बॉर्डर पिलर 15 और 16 के बीच, कंटीले तारों की बाड़ के बांग्लादेश की तरफ वाले हिस्से में 'नो-मैन्स लैंड' (दो देशों के बीच की खाली जमीन) में फंसा हुआ है। हालांकि, भारत ने पुश-इन दावों से इनकार किया है। भारत का कहना है कि उसने बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिन्हें अलग-अलग होल्डिंग स्टेशनों में रखा गया है। बांग्लादेश इन नागरिकों की नागरिकता की पुष्टि करने में देरी कर रहा है, जिससे उनकी घर वापसी की संभावनाएं धूमिल पड़ रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28